Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

Page 09

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • गुरूवार • 28 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 175 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00



खेल

खेलमें विकास के बावजूद, देश में हर एथलीट को मिलने वाले सम्मान में अंतर : हरमिलन बैंस



देश

धार्मिक भावनाओं को पहुंचाई ठेस', बंगाल में ममता बनर्जी के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई प्रस्तावों को दी गयी मंजूरी

## सरकारी कर्मियों को मिलेगा कैशलेस इलाज

निज संवाददाता | पटना

सम्राट कैबिनेट के कई फैसले में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में 27 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में सरकारी कर्मचारियों, रिटायर्ड कर्मियों, विधायकों और विधान मंडल के पूर्व सदस्यों को कैशलेस इलाज की सुविधा देने समेत कई बड़े फैसले लिए गए। इसके अलावा राज्य के पांच प्रमुख स्टेट हाईवे के निर्माण और चौड़ीकरण के लिए 3744 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी दी गई। कैबिनेट के फैसले के अनुसार बिहार सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत अब राज्य सरकार के नियमित कर्मचारी, अधिकारी, रिटायर्ड पेंशनधारी, पारिवारिक पेंशनर, अखिल भारतीय



सेवा के अधिकारी, विधायक, विधान परिषद सदस्य तथा उनके आश्रितों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। बैठक में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त संशोधन नियमावली 2026 को मंजूरी दी गई। साथ ही बिहार रैयती भूमि क्रय नीति 2026 को भी स्वीकृति दी गई है, जिसके तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रैयती भूमि खरीद के मूल्य निर्धारण के नए नियम लागू होंगे। कैबिनेट ने पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के लिए 10 नई इलेक्ट्रिक या हाइब्रिड गाड़ियों की खरीद को भी मंजूरी दी है। इसके लिए 3.70 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूर्णिया, भागलपुर और गया में एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामलों की सुनवाई हेतु विशेष अदालतों के गठन को मंजूरी दी गई। वहीं लघु जल संसाधन विभाग भूगर्भ शास्त्री संवर्ग भर्ती एवं सेवा नियमावली 2026 को स्वीकृति प्रदान की गई। कैबिनेट ने पंचायतों में सरकारी नलकूपों की मरम्मत, संचालन और रखरखाव का जिम्मा लघु जल संसाधन विभाग को सौंपने का फैसला किया है। इसके साथ ही बिहार जल सुरक्षा एवं सिंचाई आधुनिकीकरण परियोजना के लिए 102.98 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। राज्य सरकार ने पांच प्रमुख स्टेट हाईवे परियोजनाओं के निर्माण और चौड़ीकरण के लिए भी बड़ी राशि स्वीकृत की है।

इसके अलावा पीएमसीएच में हड्डी रोग विभाग के अंतर्गत अलग स्पाइन सब-स्पेशियलिटी यूनिट की स्थापना को मंजूरी दी गई है। इसके लिए 39 नए पद सृजित किए जाएंगे। कैबिनेट बैठक में बिहार सचिवालय लिपिकीय सेवा संशोधन नियमावली को भी मंजूरी दी गई।

### चिकित्सा शिक्षा सेवा नियमावली में संशोधन, दूर होगी शिक्षकों की कमी

राज्य के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों और अस्पतालों में शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए कैबिनेट ने एक दूरगामी फैसला लिया है। बैठक में 'सीनियर रेजिडेन्ट/ट्यूटर तथा बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा भर्ती, नियुक्ति एवं प्रोन्नति (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2026' को अधिसूचित करने की मंजूरी दे दी गई है। इस नई नियमावली के लागू होने से राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में लंबे समय से चली आ रही चिकित्सक शिक्षकों की कमी को स्थायी रूप से दूर किया जा सकेगा और मेडिकल की पढ़ाई के स्तर में गुणात्मक सुधार आएगा।

## बिहार में हाईवे सुरक्षा को लेकर सरकार सख्त, 60 दिनों में हटेंगे अतिक्रमण

निज संवाददाता | पटना

बिहार में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और राष्ट्रीय राजमार्गों को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद परिवहन विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि सड़क सुरक्षा से जुड़े आदेशों का समयबद्ध तरीके से पालन सुनिश्चित किया जाए। परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर कहा है कि सुप्रीम कोर्ट में चल रहे फलोदी सड़क हादसा मामले में दिए गए निर्देशों को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाए।



### जवाबदेही तय, मुख्य सचिव की बैठक पर टिकी नजरें

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग, दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट के सुधार और ट्रक पार्किंग जैसी सुविधाओं को लेकर भी विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों के पालन की संयुक्त जिम्मेदारी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई है। टास्क फोर्स को हर 15 दिन पर बैठक कर प्रगति रिपोर्ट तैयार करनी होगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बिहार के मुख्य सचिव ने भी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन तय 60 दिनों के भीतर राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर आम लोगों को कितनी राहत दिला पाता है।

## जून में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल संभव, 40 आईएएस अधिकारियों के तबादले की तैयारी




निज संवाददाता | पटना

बिहार में जून महीने में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल होने की संभावना है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपनी नई प्रशासनिक टीम तैयार करने में जुटे हैं और इसी कड़ी में करीब 40 आईएएस अधिकारियों के तबादले की तैयारी चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, राज्य के 12 जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम) की जिम्मेदारी बदली जा सकती है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 41 दिनों के भीतर सम्राट चौधरी अब तक 49 आईएएस, 24 आईपीएस और 61 डीएसपी अधिकारियों का तबादला कर चुके हैं। अब जून में एक और बड़े फेरबदल की चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार पटना और मुजफ्फरपुर समेत कई जिलों के डीएम बदले जा सकते हैं। पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए किसी महत्वपूर्ण विभाग में प्रभारी सचिव बनाया जा सकता है। वह 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और 2 जून 2025 से पटना डीएम के पद पर कार्यरत हैं। पटना डीएम की जिम्मेदारी फिलहाल मुजफ्फरपुर के डीएम आईएएस सुब्रत कुमार सेन को दिए जाने की चर्चा है। सुब्रत कुमार सेन 2013 बैच के अधिकारी हैं और 26 जनवरी 2024 से मुजफ्फरपुर में पदस्थापित हैं।

## टीआरई-4 भर्ती का इंतजार खत्म, जुलाई में जारी होगा नोटिफिकेशन : शिक्षा मंत्री

निज संवाददाता | पटना



बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 का इंतजार कर रहे लाखों अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। राज्य के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने घोषणा की है कि टीआरई-4 भर्ती का आधिकारिक नोटिफिकेशन जुलाई 2026 में जारी कर दिया जाएगा। नोटिफिकेशन जारी होने के तुरंत बाद ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता योग्य और प्रतिभावान शिक्षकों की समय पर बहाली करना है, ताकि शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से भर्ती प्रक्रिया को लेकर सभी जरूरी दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं और शिक्षा विभाग की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग और बीपीएससी के अधिकारियों के बीच लगातार बैठकें हो रही हैं और दोनों संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो चुका है। इसी कारण अब यह लगभग तय हो गया है कि जुलाई महीने में टीआरई-4 की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार भर्ती प्रक्रिया की टाइमलाइन को लेकर किसी तरह का संशय नहीं है।

हालांकि, टीआरई-4 में कुल कितने पदों पर भर्ती होगी, इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। पदों की संख्या संबंधी सवाल पर शिक्षा मंत्री ने कोई आधिकारिक आंकड़ा बताने से इनकार किया, लेकिन अभ्यर्थियों को भरोसा दिलाया कि इस बार भी पर्याप्त संख्या में बंपर बहाली की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्य अधिसूचना जारी होने के बाद भर्ती से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां सार्वजनिक कर दी जाएंगी।

### जनजातीय क्षेत्रों में होगा मैराथन आयोजन

## विजेताओं को मिलेंगे एक लाख रुपये तक के पुरस्कार

निज संवाददाता | पटना

बिहार के जनजातीय क्षेत्रों में अब मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा की है कि इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 1 लाख रुपये, द्वितीय विजेता को 75 हजार रुपये और तृतीय विजेता को 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभागार में आयोजित "जनजातीय गरिमा उत्सव 2026" कार्यक्रम के दौरान की। "बिरसा लिव्स इन न्यू भारत" थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के रूप में मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए संघर्ष किया था और आज सरकार उनके सपनों को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जनजातीय समाज के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने प्रखंड में चल रहे योजनाओं की जाँच की मांग

**नारदीगंज( नवादा)**। पूर्व जिला पार्षद सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि कृष्णदेव सिंह ने सांसद विवेक ठाकुर,विधायक विभा देवी और एमएलसी अशोक यादव से प्रखंड प्रमुख शोभा भारती के द्वारा प्रखंड में कराए गए कल्याणकारी योजनाओं की जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रमुख ने बीते चार साल में योजनाओं में लूट मचा दिया है। यह कार्य में बीडीओ की भी मिलीभगत है। राशि का दुरूपयोग किया गया है। उनके द्वारा कई करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। उन्होंने अपने चहेते पंचायत समिति सदस्यों को सरकारी राशि देकर बंदरबांट किया है । विपक्ष पंचायत समिति सदस्य को नहीं के बराबर राशि दी गई है। जबकि सरकारी नियमानुसार सभी सदस्यों समान अधिकार के तहत समान राशि उपलब्ध कराने का प्रविधान है। हाल के दिनों में( 21 मई 2026 ) को नारदीगंज में आयोजित पंचायत समिति की बैठक में विधायक विभा देवी पहुंची थी। उन्हें भी उपेक्षित किया गया था। जबकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायक की गरिमा होती है। उनके साथ व्यवहार ठीक नहीं करना निंदनीय है। कहा कि जब एक सम्मानित विधायक के साथ यह हाल है,तो आम लोगों के साथ उनका क्या रवैया होगा। यह सोचनीय विषय है। प्रखंड प्रमुख ने निजी भूमि और कई ऐसी योजनाओं को क्रियान्वयन की है। जबकि बिहार सरकार की भूमि पर कार्य होना है। यह सभी योजनाओं को बड़ी एजेंसी से जांच हो,ताकि घोटाले का राजफाश हो सके।

### बीडीओ ने किया पर्यवेक्षक और प्रगणक की समीक्षा बैठक

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन में बुधवार को पर्यवेक्षक और प्रगणक की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने की। इस बैठक में भारत की जनगणना कार्य की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा यह जनगणना कार्य बीते दो मई 2026 से शुरु है। जो आगामी 31 मई 2026 तक चलेगी। जनगणना कार्य पूरा करने में अब मात्र चार दिन शेष रहा है। आप सभी निर्धारित अवधि तक अवश्य पूरा करें। एक भी घर छूटे नहीं, और दोहरी प्रविष्टि नहीं हो। पूरी परिदर्शिता को बरतना है। किसी प्रकार के पूर्वाग्रह से ग्रसित नहीं होना है। विभाग के द्वारा दिये गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए जनगणना कार्य ससमय पूरा अवश्य करें। आप सभी पर देश का भविष्य है। मौके पर पर्यवेक्षक शैलेश कुमार,प्रगणक अमरेन्द्र कुमार, अवधेश कुमार,दीपक कुमार,बिनोद कुमार, विनीता कुमारी समेत अन्य रहे।

### दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अब तक फरार, गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी

**नरहट (नवादा)**: नरहट थाना क्षेत्र के छोटी पाली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। मामले में नामजद छह आरोपियों में से चार महिला आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी इम्तेयाज मलिक और इस्तेखार फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्कता बरत रहा है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही दोनों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। ग्रामीणों की नजर अब पुलिस कार्रवाई पर टिकी है और लोग जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

वीर सावरकर जयंती पर जोगबनी में होगा भव्य आयोजन

### मेधावी छात्र-छात्राओं को वीर सावरकर मेधावी छात्र सम्मान देकर सम्मानित किया जाएगा



**कटिहार/जोगबनी**। विनायक दामोदर सावरकर 143 वीं (वीर सावरकर )जयंती के शुभ अवसर पर आगामी 28 मई को जोगबनी स्थित शिवशुभ पथ, वीर सावरकर चौक पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 8:45 बजे से शुरू होगा, जिसमें क्षेत्र के बुद्धिजीवी, समाजसेवी, छात्र-छात्राएं एवं विभिन्न संगठनों के लोग शामिल होंगे। नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक जागरूकता के इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों ने बताया कि भारत माता के वीर सपूत, स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी एवं राष्ट्रवादी चिंतक विनायक दामोदर सावरकर की जयंती विगत छह वर्षों से लगातार श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई जा रही है। इस वर्ष भी उनकी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रखंड मुख्यालयों में भी जयंती पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान 10+2 परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को वीर सावरकर मेघावी छात्र सम्मान देकर सम्मानित किया जाएगा। उपरोक्त वातों की जानकारी प्रदेश सह संयोजक भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ट सह विनायक दोमोदर सावरकर अन्तराष्ट्रीय विचार मंच के प्रमुख भानु प्रकाश राय ने इस निमित आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें राकेश कुमार सिंह,प्रवीण कुमार सिंहा,गणेश साहा,दिपक अग्रवाल,विक्रम साह,गोविन्द साह,रितेश नायक,संतोष यादव, राजेश साह, सचिन राय, उज्जवल सिंह आदि को कार्यक्रम सफल बनाने और संचालक के लिए मनोनीत किया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम,अनुशासन एवं उत्कृष्ट शिक्षा के प्रति प्रेरणा जगाना है। भानु प्रकाश राय ने कहा कि वीर सावरकर का जीवन त्याग, संघर्ष और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

### कटिहार रेलवे अस्पताल अब हाईटेक सुविधाओं से होगा लैस, स्वास्थ्य सेवाओं में आएगा बड़ा बदलाव




**कटिहार**। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार रेलवे अस्पताल को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। अस्पताल में व्यापक रेनोवेशन के साथ कई बंद पड़ी स्वास्थ्य सेवाओं को पुनः शुरू किया जा रहा है, जिससे रेलकर्मियों एवं उनके परिजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। रेलवे अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वी दामोदर राज ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल में वर्तमान समय में 24 घंटे आपातकालीन सेवा सुचारू रूप से संचालित हो रही है। साथ ही थेरोपी सेंटर सहित विभिन्न चिकित्सा सेवाएं भी मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि लगभग सभी विभागों में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है तथा जल्द ही कई नई सुविधाएं भी बहाल कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन द्वारा अस्पताल को आधुनिक स्वरूप देने के लिए आवश्यक संसाधन एवं फंड उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए उन्होंने महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक का आभार व्यक्त किया। रेलवे कर्मियों के बीच अपनी सक्रिय कार्यशैली और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता के लिए चर्चित सीएमएस डॉ. वी दामोदर राज के नेतृत्व में कटिहार रेलवे अस्पताल लगातार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। अस्पताल में हो रहे बदलावों से आने वाले दिनों में मरीजों को और अधिक आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिलने की उम्मीद है।

# अवैध संबंध : पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को खिलाई जहर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

## पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के मांगोडीह गांव में अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को जहर देकर मार डाला। इलाज के दौरान 25 मई को दोपहर 2 बजे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के नाना के आवेदन पर पत्नी सिया देवी और प्रेमी संतोष यादव के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।आरोपी पत्नी को बुधवार को जेल भेज दिया गया है।

**24 मई को अस्पताल में कराया गया था भर्ती** :- घटना 24 मई की है। सुबह 9:15 बजे नीतीश कुमार नामक व्यक्ति ने जहर खाए युवक रविंद्र राजवंशी उर्फ मंगरू उर्फ धर्मेंद्र राजवंशी को रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।मंगरू मांगोडीह निवासी स्व. हारो राजवंशी का पुत्र था।अस्पताल में चिकित्सक डॉ. अभिप्राय चौधरी ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत चिंताजनक देख उसे पावापुरी रेफर कर दिया,जहां 25 मई को उसकी मौत हो गई। मृतक के नाना राजो राजवंशी ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि मंगरू की शादी गांव के ही दूसरे टोला की सिया देवी से हुई थी।शादी के बाद से वह पत्नी के दबाव में ससुराल में ही रहता था। कुछ समय से गंगटा निवासी संतोष यादव का सिया देवी के घर आना-जाना था।दोनों के बीच अवैध संबंध बन गए।

**विरोध पर मारपीट, फिर दी जहर** :- नाना का आरोप है कि मंगरू ने जब पत्नी और संतोष के



थाना परिसर से जेल जाती गिरफ्तार महिला

संबंधों का विरोध किया तो दोनों ने उसके साथ कई बार मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।समझाने पर भी दोनों नहीं माने। अवैध संबंध में अड़चन न आए,इसलिए पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर मंगरू को जहर खिला दिया।मृतक अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है।

**हत्या व एससी-एसटी एक्ट में केस** :- थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि राजो राजवंशी के आवेदन पर हत्या और एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(V) के तहत केस हुआ है।आरोपी पत्नी सिया देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर जेल भेज दिया गया।प्रेमी संतोष यादव की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।पुलिस मामले की सघन जांच कर रही है।

### बाल संसद के प्रधानमंत्री बने मनीष कुमार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। नरहट प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय गारोबिगहा में बुधवार को बाल संसद का गठन लोकतांत्रिक एवं उत्साहपूर्ण माहौल में कराया गया। चुनाव प्रक्रिया में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मतदान कर लोकतंत्र की बारीकियों को समझा। बच्चों ने कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। चुनाव में मनीष कुमार बाल संसद के प्रधानमंत्री चुने गए, जबकि सलोनी कुमारी उप प्रधानमंत्री निर्वाचित घोषित की गईं। इसके अलावा शिक्षा मंत्री पद पर मनीता कुमारी एवं प्रदीप कुमार, खेल मंत्री पद पर करिश्मा कुमारी एवं सचिन कुमार तथा पुस्तकालय मंत्री पद पर करीना कुमारी एवं प्रियांशी कुमारी का चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया को सफल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में विद्यालय परिवार की अहम भूमिका रही। इस दौरान बिंदु कुमारी पीठासीन पदाधिकारी, मोहम्मद अनवर हुसैन प्रथम मतदान अधिकारी, विजय कुमार सिंह द्वितीय



चुनाव प्रकिया में लगे स्कूल के पदाधिकारीगण

मतदान अधिकारी तथा धीरज कुमार तृतीय मतदान अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी निभाते नजर आए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार ने मुख्य निरीक्षक पदाधिकारी के रूप में पूरी चुनाव प्रक्रिया की निगरानी की। उन्होंने कहा कि बाल संसद के माध्यम से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास होता है। विद्यालय में आयोजित इस चुनाव को लेकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया।

### नगर पंचायत, रजौली में सशक्त स्थायी समिति के पार्षद सदस्यों का निर्वाचन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना तथा बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम-2026 के प्रावधानों के अनुसार सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन निर्वाचित वार्ड पार्षदों द्वारा गुप्त मतदान के माध्यम से बहुमत के आधार पर कराया जा रहा है। जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश के निर्देशानुसार 27मई को अनुमंडल सभागार, रजौली में नगर पंचायत, रजौली हेतु सशक्त स्थायी समिति के तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

**निर्वाचन परिणाम निम्नवत् है —**

सदस्य संख्या-01
श्रीमती निर्मला देवी — प्राप्त मत : 06
श्रीमती रेखा कुमारी — प्राप्त मत : 08 (निर्वाचित)

सदस्य संख्या-02
श्री संतोष कुमार वर्मा — प्राप्त मत : 04
श्री धीरज कुमार चौधरी — प्राप्त मत : 10 (निर्वाचित)

सदस्य संख्या-03
श्रीमती जेबी देवी — प्राप्त मत : 03
श्री मुकेश कुमार — प्राप्त मत : 11 (निर्वाचित)

आगामी कार्यक्रम के तहत नगर परिषद्, वारिसलीगंज में सशक्त स्थायी समिति के तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन दिनांक 29मई को संपन्न कराया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित निकायों में निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की गई हैं।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमाटांड़ में धूमधाम से मना विश्व माहवारी दिवस, छात्राओं को मिला पिंक बॉक्स

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली पूर्वी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमाटांड़ में बुधवार को विश्व माहवारी दिवस का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चेतना सत्र में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के संदेश और शारीरिक शिक्षा अनुदेशक नीतू कुमारी द्वारा योग के महत्व पर प्रकाश डालने के साथ हुई। विद्यालय में चल रहे मासिक मूल्यांकन के मद्देनजर मध्याह्न भोजन के बाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां बाल संसद के सदस्यों ने स्वागत गान के साथ सभी छात्राओं का स्वागत किया। वरिष्ठ शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक ने "स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा के साथ विकास" थीम पर दीप प्रज्वलित कर मंच की



कार्यक्रम में शामिल छात्राएं

शुरुआत की। इस दौरान वर्ग 6 से 8 की सभी छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं को मासिक धर्म कब, क्यों और कैसे होता है, साथ ही 28 मई को ही विश्व माहवारी दिवस मनाने के पीछे के कारणों की जानकारी दी गई।

**मेहंदी व चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन** :- कार्यक्रम में मंजू कुमारी के नेतृत्व में मेहंदी प्रतियोगिता और अनोज कुमार के नेतृत्व में चित्रांकन प्रतियोगिता कराई गई। छात्राओं के बीच माहवारी से जुड़ी सामाजिक कुरीतियों पर खुलकर चर्चा हुई। मासिक धर्म के दौरान होने वाली परेशानियों, स्वच्छता और जागरूकता को लेकर विद्यालय प्रबंधन ने विशेष पहल की।

**पिंक बॉक्स की हुई स्थापना** :- प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने छात्राओं के लिए पिंक बॉक्स का निर्माण कराया। इसमें निःशुल्क सेनेटरी पैड, डिटॉल, साबुन और सूती कपड़े की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर सभी छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड और अल्पाहार भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की पूर्व प्रधानमंत्री कंचन कुमारी, नव्या कुमारी, प्रीति, अंशिका, शिवानी, समृद्धि, अनुष्का समेत बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं। प्रधानाध्यापक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्राओं में झिझक खत्म होगी और वे स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगी।

# आम के बगीचे से देशी राइफल के साथ चाचा गिरफ्तार, भतीजा फरार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। जिले के वारिसलीगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चकवाय गाँव के समीप एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी राइफल बरामद की है। यह कार्रवाई नवादा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

वारिसलीगंज पुलिस को 26 मई को गुप्त सूचना मिली थी कि चकवाय गाँव से पूरब श्मशान घाट के बगल में स्थित आम के बगीचे में एक व्यक्ति हथियार छिपाकर उसकी रखवाली कर रहा है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सूजय विधार्थी (SDPO) पकरीबरांवा



के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया।कार्रवाई के उपरांत प्रेस वार्ता में जानकारी देतें हुए एसडीपीओ ने बताया की इस टीम में वारिसलीगंज के थाना प्रभारी पंकज कुमार सैनी समेत सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया था।

पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने खुलासा किया कि बरामद की गई राइफल उसके भतीजे अजीत सिंह की है। साइबर थाने द्वारा की गई छापेमारी के बाद, बंदूक को सुरक्षित ठिकाने पर छिपाने के लिए चकवाय गाँव के श्मशान घाट के पास आम के बगीचे में रखा गया था। जब पुलिस ने छापेमारी की, तो दूसरा छोटा भतीजा मौके से भाग निकला, जबकि मुख्य आरोपी पकड़ा गया।

गिरफ्तार आरोपी वीरेन्द्र कुमार, पिता- स्व० राम प्रताप सिंह, साकिन- चकवाय, थाना- वारिसलीगंज, जिला- नवादा का है। गिरफ्तार व्यक्ति के विरूद्ध वारिसलीगंज थाना कांड संख्या- 376/26, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। इस सफल छापेमारी दल में थाना प्रभारी पंकज कुमार सैनी के साथ पुलिस अवर निरीक्षक सुशील कुमार, रामकेश्वर उरांव, कन्हैया जी सिंह और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### सरकारी कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फॉर्मर आईडी जरूरी है - बीडीओ



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पकरीबरावां** - किसानों को सरकार द्वारा प्रायोजित कृषि योजनाओं का लाभ उठाने हेतु सभी किसानों को फॉर्मर आईडी बनाना जरूरी है इसकी जानकारी बीडीओ मृत्युंजय कुमार ने डुमरांवाँ गांव में किसानों प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक लोग सक्रिय होकर आईडी बनाने पर जोर दिया ।इन्होंने कहा प्रखंड के सभी पंचायतों में समन्वयक सलाहकार तथा प्रतिनियुक्त कर्मी डोर टू डोर जाकर किसानों का आईडी बनाने का काम कर रहें हैं। इस कार्यक्रम को सफल सुचारू बनाने हेतु बीडीओ मृत्युंजय कुमार सीओ निशांत कुमार ने डुमरांवाँ पोक्सी केशोरी सहित कई गांव जाकर जायजा लेते हुए कर्मियों को काम की गति में तेजी लाने का निर्देश देते हुए जनप्रतिनिधियों बुद्धिजीवियों किसानों सहयोग देने का अपील किया जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान का आईडी बनाने में तेजी आ सके जिसे सरकारी कृषि योजनाओं का लाभ समय पर ले सकेंगे। मौके पर दिलीप रंजन हरिकांत शर्मा पुकुर सिंह बीटू कुमार सुबोध कुमार टुनी कुमार अन्य कई किसान मौजूद थे।

## होटल बुद्धा रिजेंसी में WAREE सोलर कम्पनी का बिजनेस मीट आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा** : शहर के होटल बुद्धा रिजेंसी में Waaree Energies की ओर से बिजनेस मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को सोलर ऊर्जा, ग्रीन एनर्जी और बिजली बचत से जुड़े आधुनिक विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में कम्पनी के अधिकारियों ने बताया कि आज के समय में सोलर पैनल के माध्यम से घरों में बिजली उत्पादन कर लोग बिजली बिल में भारी बचत कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान इलेक्ट्रिसिटी सेविंग, सोलर पैनल, इन्वर्टर, हाइब्रिड सिस्टम, ट्रांसफार्मर मीटर समेत विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कम्पनी प्रतिनिधियों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा सोलर सिस्टम लगाने पर अनुदान



भी दिया जा रहा है। तीन केवी सोलर सिस्टम लगाने पर करीब 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी उपलब्ध है, वहीं लगभग दो लाख रुपये तक का लोन भी सरकार की ओर से उपलब्ध कराया जाता है। कम्पनी सरकार एवं बिजली कम्पनी के साथ टाइअप कर उपभोक्ताओं को सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि कम्पनी का स्थानीय कार्यालय नवादा के बुधौल स्थित मिडिल स्कूल के पास कल्याण इलेक्ट्रोनिक इंडस्ट्रीज के नाम से संचालित है। बिजनेस फ्रेंचाइजी मैनेजर विकास कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए उपभोक्ता, व्यवसायी एवं कम्पनी के विकास अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में लोगों ने सोलर ऊर्जा को भविष्य के लिए उपयोगी बताते हुए इसे अपनाने पर जोर दिया।

## बकरीद को लेकर धमौल क्षेत्र में पुलिस का फ्लैग मार्च

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

### शांति व भाईचारे की अपील

पकरीबरावां। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को पकरीबरावां पुलिस अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिखा। पकरीबरावां एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी के नेतृत्व में पुलिस बल ने धमौल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान लोगों से निर्भय होकर तथा आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई।

फ्लैग मार्च धमौल थाना क्षेत्र के गुलनी, जम्हड़िया, परड़िया, धरहरा एवं धमौल गांवों में निकाला गया। पुलिस जवानों ने गांव-गांव जाकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा अफवाहों से दूर रहने की सलाह दी। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी



फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी ने धमौल इमामबाड़ा का जायजा लिया। बकरीद की नमाज कब अदा होगी इसकी जानकारी थानाध्यक्ष से ली। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर त्योहार की तैयारियों की जानकारी ली तथा प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

फ्लैग मार्च में धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार, शाहपुर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार पाण्डेय, काशीचक थानाध्यक्ष गौतम कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

# श्रद्धालुओं की ऑटो को ट्रक ने मारी टक्कर, 10 से अधिक घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ **2 महिलाओं की हालत गंभीर, राजगीर मलमास मेले से लौट रहे थे**

**गया**। गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसा हुआ। आईमा मंदिर के पास राजगीर मलमास मेला से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरे एक ऑटो को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में लगभग 10 से 12 लोग घायल हो गए, जिनमें दो महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सभी घायल गया जिले के चाकंद थाना क्षेत्र स्थित बहादुर बीघा गांव के निवासी हैं। यह परिवार राजगीर मलमास मेला देखकर ऑटो से अपने घर लौट रहा था, तभी आईमा मंदिर के समीप यह हादसा हुआ।

**घायलों को CHC पहुंचाया गया**: हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण और राहगीर तुरंत मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना घायलों को निजी टेंपो और मोटरसाइकिल से खिजरसराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है, ट्रक की रफ्तार तेज थी जो हादसे का कारण बना। घायलों में बिंदी देवी (पति अजय यादव), ममता देवी (पति अखिलेश यादव), सुनैना देवी (पति शिवचंद यादव), बल्लू देवी (पिता बैली यादव), रेखा देवी (पति उमेश यादव), सुधीर यादव (पिता सरिया यादव) और गीता देवी (पति दिनेश यादव) शामिल हैं। खिजरसराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. आशुतोष कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बिंदी देवी, ममता देवी समेत अन्य घायलों को बेहतर इलाज और सीटी स्कैन के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, पांच अन्य घायलों का इलाज खिजरसराय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की निगरानी में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही खिजरसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी दिनेश कुमार महतो ने बताया कि पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस फरार ट्रक और उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# मासूम बच्ची से छेड़खानी का प्रयास ग्रामीणों ने आरोपी को दबोचा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा के कतरीसराय थाना क्षेत्र के एक गांव में दस साल की मासूम बच्ची के साथ छेड़खानी के प्रयास का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में ग्रामीणों के बीच भारी आक्रोश का माहौल है। हालांकि, मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

घटना बीते सोमवार की है। पीड़ित बच्ची के पिता की ओर से थाने में दिए गए लिखित आवेदन के मुताबिक, गांव का ही 55 साल का अधेड़ राधे राम उनकी दस साल की बेटी को बहला-फुसलाकर गांव के बाहर खंधा (बधार) की तरफ ले गया। वहां ले जाकर वह बच्ची के साथ जबरन गंदी हरकत करने लगा। इसी बीच बच्ची को ढूंढते हुए उसकी मां भी बधार की तरफ पहुंच गई। आरोपी की करतूत देखते ही मां ने शोर मचाना शुरू कर दिया। महिला की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े। ग्रामीणों को आता देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद लोगों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया और घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मामले को लेकर कतरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित पिता का लिखित आवेदन मंगलवार को पुलिस को हासिल हुआ था। पुलिस ने मामले की जांच की, जिसमें आरोपी पर लगे आरोप पूरी तरह सही पाए गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के पिता की शिकायत के आधार पर आरोपी राधे राम के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय के सामने प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल में भेज दिया गया है।




राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

**संदेश**

ईद–उल–अज़हा (बकरीद) के अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

अनुपम त्याग और बलिदान का प्रतीक यह पर्व हमें अपने जीवन में करुणा, कृतज्ञता और मानव सेवा के मूल्यों को आत्मसात करने एवं दूसरों के सुख–दुःख में सहभागी बनने, जरूरतमंदों की सहायता करने तथा समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे व सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

मेरी कामना है कि यह त्योहार सभी के लिए शांति, प्रगति और खुशियों का संदेश लेकर आए तथा समाज में सौहार्द और एकता की भावना सुदृढ़ हो।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No - 03783 (Governor Secretariat)D. 2026-27


# शेरघाटी में अवैध संबंध में हुई थी दर्जी की हत्या

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया**। गयाजी जिले के शेरघाटी के अनवारगंज मोहल्ला के रहने वाले 32 साल के रिजवान की हत्या प्रेम प्रसंग के विवाद में हुई थी। पुलिस की जांच में इसका खुलासा हुआ है। आमस थाना क्षेत्र के बैदा गांव में हुई इस वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। अब पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

आमस थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी आयशा खातून के आवेदन पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज केस में कहा गया है कि रिजवान का बैदा गांव के रहने वाले आरिफ की पत्नी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर लंबे समय से विवाद था। आरोप है कि इसी विवाद में घर के लोगों ने मिलकर रिजवान की गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरिफ की पत्नी हदिसून खातून और उसके बेटे हसनैन रजा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। खास बात यह कि आरिफ व मारा गया दोनों आपस में ममेरा फुफेरा भाई थे।

थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के दौरान चली गोली रिजवान की दाहिनी बांह को छेदते हुए सीधे सीने में लगी थी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई थी।

सोमवार की दोपहर बैदा गांव में गोलीबारी की सूचना मिलते ही डीएसपी संदीप कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर नेयाज अहमद और आमस थानाध्यक्ष धनंजय कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की थी।

जांच के दौरान पुलिस ने मौके से दो देसी कट्टा और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए थे। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। मंगलवार को एफएसएल की टीम ने बैदा गांव पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए व कई अहम बिंदुओं पर जांच की थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के बाद जब जांच पड़ताल शुरू की गई तभी यह मामला पूरी तरह प्रेम प्रसंग और आपसी विवाद से जुड़ा होने की बात सामने आई थी।

# अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर पैड यात्रा, स्वच्छता-गरिमा का दिया संदेश, युवाओं ने तोड़ी झिझक की दीवार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

गयाजी। गयाजी में आज अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के मौके पर "पैड यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समर्थ संस्था की ओर से किया गया। इसमें पैड प्रोजेक्ट पीएनके ब्यूटी.काम, लाल पैथ लैब.कॉम व रोटरी क्लब भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन समर्थ की सह-संस्थापक डॉ. सुरभि और प्रभात कुमार के नेतृत्व में किया गया। शहर के नाजरेथ एकेडमी से "पैड यात्रा" के साथ हुई। यह पद यात्रा गया क्लब तक निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्र-छात्राओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। हाथों में तख्तियां लेकर लोगों ने मासिक धर्म से जुड़े मिथकों, झिझक और भेदभाव को खत्म करने का संदेश दिया। पूरे रास्ते जागरूकता से जुड़े नारे लगाए गए। गया क्लब पहुंच कर पद यात्रा का समापन हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत समर्थ की कृषि पहल के तहत उगाई गई शिमला मिर्च, मशरूम और अन्य सब्जियां भेंट कर किया गया। आयोजकों ने बताया कि इसका उद्देश्य आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना की।

कार्यक्रम के अगले चरण में ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री फिल्म Period. End of Sentence. की विशेष स्क्रीनिंग की गई। फिल्म को लोगों ने काफी गंभीरता और ध्यान से देखा। इसके बाद विशेषज्ञों और अतिथियों ने मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता पर अपने विचार रखे। डॉ. स्वाति कुमारी ने किशोरियों और महिलाओं को मासिक धर्म स्वास्थ्य, पीसीओएस-पीसीओडी, अनियमित माहवारी और अत्यधिक दर्द जैसी समस्याओं के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि समय पर चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। डॉ. कृतिका अग्रवाल ने मासिक धर्म के दौरान होने वाले भावनात्मक बदलाव और मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज को लड़कियों के लिए सहयोगी और भेदभाव रहित माहौल बनाना होगा। सैयद तारिक सज्जाद ने कहा कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में कई महिलाएं सैनिटरी उत्पादों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। उन्होंने स्कूलों, शिक्षकों और जागरूकता अभियानों की भूमिका को अहम बताया।


BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।


डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com



बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
भारत की जनगणना-2027
हमारी जनगणना, हमारा विकास
भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA
जनगणना से जन कल्याण



जनगणना का प्रथम चरण
02 मई से 31 मई 2026 तक

मकान सूचीकरण एवं आवासों की गणना (HLO) हो रही है। प्रगणक घर-घर जाकर 33 प्रश्नों के अंतर्गत ही जानकारी प्राप्त करेंगे।



प्रगणक जब आपके घर आएं, उन्हें उचित प्रवेश दें, पूरा सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं।
जनगणना कार्य में लगे कर्मियों/प्रगणकों के कार्य में बाधा डालना या सहयोग न करना कानूनन दंडनीय है।
आपका सहयोग, सटीक जनगणना और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है।

आपकी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित
सभी डेटा गोपनीय रहेगा और केवल जनगणना हेतु उपयोग किया जाएगा।
कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा
न आधार, न बैंक विवरण, न संपत्ति से जुड़ा कोई कागजात।
सतर्क रहें, सुरक्षित रहें
न कोई पैसा मांगा जाएगा, न OTP, न कोई लिंक। धोखाधड़ी से सावधान रहें!

किसी भी संदेह या धोखाधड़ी की सूचना के लिए
टोल फ्री नंबर: 1855

PR. No. 004598 (Revenue)D. 2026-27

सही जानकारी दें, सफल जनगणना में योगदान करें।

शिकायत एवं सुझाव के लिए लिए जन शिकायत पोर्टल पर जायें।
https://biharbhumiplus.bihar.gov.in/pg/
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा जनहित में जारी।
Follow Us #BiharRevenueAndLandReformsDept

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# अभिनव कला संगम ने किया रेल परिसर में वृक्षारोपण

- रेल प्रशासनिक अधिकारियों ने वृक्ष लगाओ का दिया संदेश
- पर्यावरण बचाव को लेकर रेल अधिकारियों ने लोगों को किया जागरूक








सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डेहरी। रोहतास।** विश्व आपातकालीन चिकित्सा दिवस व विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को अभिनव कला संगम व रेल एच एन एम के बैनर तले संस्था पदाधिकारी एवं रेल अधिकारियों के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया गया। वृक्षारोपण उपरांत अभिनव कला संगम अध्यक्ष कौशलेंद्र कुशवाहा व सचिव प्रोफेसर रणधीर सिन्हा ने कहा कि जन सहभागिता के साथ पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। अभिनव कलासंगम ने इस वर्ष वृक्षारोपण के साथ-साथ समाज को प्लास्टिक से निजात दिलाने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया है। आज के औद्योगीकरण के दौर में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई चिंता का विषय बन गया है। जिसके चलते दुनियाभर के इकोसिस्टम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लेने के उद्देश्य से सभी सामाजिक संगठनों व समाज के सभी वर्ग के लोगों को वृक्षारोपण अभियान चलाना चाहिए। अभिनव कला संगम इस बात से गौरवान्वित है, कि पिछले बार रेल परिसर में लगाए गए वृक्ष आज हरा भरा नजर आ रहा है, जिसमें रेल अधिकारियों की भूमिका प्रमुख है। उपस्थित रेल अधिकारियों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों को करने का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर के लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है।

लोगों को पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्रीन हाउस के प्रभाव, ग्लोबल वार्मिंग आदि ज्वलंत मुद्दों और इनसे होने वाली विभिन्न समस्याओं के प्रति जागरूक करना है। पर्यावरण की समस्याओं को मानवीय चेहरा देने के साथ ही लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। भारत में 19 नवंबर 1986 से पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू है। लेकिन धरातल पर पूर्णत लागू नहीं होना चिंता का विषय है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में अकस अध्यक्ष कौशलेंद्र कुशवाहा, सचिव प्रो राणधीर सिन्हा, कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय सिंह यादव, मनोज कुमार सिंह, संजीव गुप्ता, बैजू गुप्ता, मनोज गुप्ता, रेलवे सीएचआई विश्वनाथ कुमार, चन्द्रकान्त कुमार, अमरेश यादव, सिनोद कुमार, धनजी कुमार, नितु कुमारी, रिना कुमारी, संध्या कुमारी, मुकेश कुमार, लवकुश कुमार आदि शामिल थे।

## बकरीद को लेकर किशनगंज में हाई अलर्ट, 300 से अधिक संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा बल तैनात

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**किशनगंज।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए किशनगंज जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। जिलाधिकारी विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के संयुक्त निर्देश पर जिले के सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

प्रशासन द्वारा जिले के 300 से अधिक महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।सुरक्षा व्यवस्था के तहत कुल 303 दंडाधिकारी, 325 से अधिक पुलिस पदाधिकारी तथा करीब 1000 पुलिस बल, जिसमें चौकीदार भी शामिल हैं, को तैनात किया गया है। इसके अलावा पांच विशेष गश्ती दल लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे। पुलिस प्रशासन की ओर से बताया गया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षकों के नेतृत्व में सभी थाना क्षेत्रों में लगातार एरिया डोमिनेशन और फ्लैग मार्च किया जा रहा है। थाना गश्ती के साथ-साथ बाइक पेट्रोलिंग के जरिए भी चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है। प्रमुख स्थलों पर स्थायी पुलिस पिकेट भी स्थापित किए गए हैं। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए जिला एवं अनुमंडल स्तर पर कुल 10 क्यूआरटी (त्वरित प्रतिक्रिया दल) का गठन किया गया है।

इन टीमों को 24 घंटे अलर्ट मोड में रखा गया है ताकि किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संभावित उपद्रवियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई लगातार जारी है। वहीं, सभी थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित कर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों से समन्वय स्थापित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से पर्व को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है।

सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की विशेष नजर है। साइबर थाना एवं जिला स्तरीय सोशल मीडिया सेल द्वारा भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा अफवाह फैलाने वाले पोस्ट, फोटो और वीडियो पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ऐसे मामलों में त्वरित कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें। किशनगंज पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बकरीद को लेकर डीएम व एसपी ने ईदगाहों का किया निरीक्षण



**कटिहार।** बकरीद पर्व के मद्देनजर कटिहार जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ रामपाड़ा और ललियाही ईदगाह सहित विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विधि व्यवस्था संधारण, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, ट्रैफिक नियंत्रण एवं संवेदनशील स्थलों की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन ने आम लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की है। प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने तथा किसी भी अफवाह से बचने की भी सलाह दी गई है।

### शुक्रवार से पटना में योग का अलख जगाएंगे स्वामी निरंजनानंद सरस्वती



**कटिहार/पटना।** बिहार योग विद्यालय विश्व योग पीठ, मुंगेर के परमाचार्य स्वामी निरंजनानंद सरस्वती भारत योग यात्रा 2026 के अंतर्गत दिनांक 29 से 31 मई तक पटना के गाँधी मैदान स्थित ज्ञान भवन में पटनावासियों को योग के विभिन्न आयामों से अवगत कराते हुए यौगिक जीवनशैली पर प्रकाश डालेंगे। बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से सत्यानंद योग केंद्र द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस यात्रा का प्रायोजन देशवासियों के बीच योग के प्रति जागरूकता पैदा करना है। सत्यानंद योग केंद्र,पटना के अध्यक्ष ने बताया कि यह त्रिदिवसीय कार्यक्रम दो सत्रों में होगा।29 मई को संध्या 5 से 6.30 बजे तक उद्घाटन और स्वामी जी का सत्संग होगा। दिनांक 30 एवं 31 मई को प्रातःकालीन सत्र में 6.30 से 8.30 बजे तक योगाभ्यास कराया जाएगा जिसके लिए पंजीकरण आवश्यक होगा। संध्याकालीन सत्र तीनो दिन 5 से 6.30 तक होगा जिस में भाग लेने के लिए किसी पंजीकरण, निमंत्रण पत्र या प्रवेश पत्र की आवश्यकता नहीं है। संपूर्ण कार्यक्रम सभी के लिए पूर्णतः निशुल्क है। पटनावासियों के लिए यह सुनहरा अवसर है, जब स्वयं श्रद्धेय स्वामी योग एवं सत्संग के माध्यम से योग के वैज्ञानिक पहलू एवं यौगिक जीवन शैली से हमें अवगत करायेंगे।

### खेरिया गंगा घाट पर हो रहे कटाव निरोधी कार्य का कार्यपालक अबियंता ने निरीक्षण किया

**कुरसेला (कटिहार):** प्रखंड के दक्षिणी मुरादपुर पंचायत अंतर्गत खेड़िया गंगा घाट किनारे चल रहे कटावनिरोधक कार्य का कार्यपालक अभियंता सुशांत सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर कार्य कर रहे कनीय अभियंता एवं संवेदक को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि आगामी बाढ़ एवं बरसात के मौसम को देखते हुए कटावरोधी कार्य समय पर पूरा होना बेहद जरूरी है। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, उपयोग की जा रही सामग्री तथा सुरक्षा मानकों की भी जानकारी ली। वहीं निरीक्षण स्थल पर पहुंचे स्थानीय जिला पार्षद उमेश कुमार उर्फ उमा यादव ने सहायक अभियंता से कहा कि यह क्षेत्र गंगा व कोसी कटाव से प्रभावित रहा है, ऐसे में बरसात शुरू होने से पहले सभी जरूरी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। उन्होंने संवेदक को भी मजदूरों एवं संसाधनों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिला पार्षद ने कहा कि कटावरोधी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि समय पर कार्य पूरा होने से पंचायत के कई गांवों को संभावित कटाव एवं बाढ़ के खतरे से राहत मिलेगी। मौके पर विभागीय कर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण दिलखुश कुमार मौजूद थे। ग्रामीणों ने भी कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की ताकि बरसात के दौरान लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### 193 ग्राम स्मैक,44 हजार 600 रूपये नगद के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया एसपी जितेंद्र कुमार के द्वारा पूरे जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में जिले की पलासी थाना पुलिस ने 193 ग्राम स्मैक, 44 हजार 600 रूपये,इलेक्ट्रॉनिक तराजू,एक मोबाइल,पैकिंग हेतु चाकू और कैंची के साथ बरहट वार्ड संख्या तीन के रहने वाले तस्कर 35 वर्षीय मो.अफाक पिता मो.अक्लिम को गिरफ्तार किया। जानकारी बुधवार शाम को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार ने दी। सदर एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली थी कि पोतिया निवासी राहुल यादव के घर में भारी मात्रा में स्मैक लाकर छोटी छोटी प्लास्टिक में पैक कर बिक्री करने का धंधा किया जा रहा है। सूचना पर पलासी थाना की एक टीम ने उनके घर की घेराबंदी की।पुलिस की दबिश को देखकर राहुल यादव पीछे से घर का दीवाल फांदकर भाग निकला।जबकि मौके से मो.अफाक को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के क्रम में 12 पैकेट में से 193 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक तराजू,एक मोबाइल, पैकिंग हेतु प्रयुक्त किए जाने वाला चाकू और कैंची के साथ एक अपाचे मोटरसाइकिल संख्या बीआर 38 एए 2193 बरामद किया गया। मामले को लेकर पलासी थाना में एनडीपीएस के विभिन्न धारा में कांड संख्या 227/26 दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में पलासी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार,सब इंस्पेक्टर रौशन कुमार,विजय कुमार यादव के साथ सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

### एमजीसीयू में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया हुआ प्रारम्भ

**पूर्वी चंपारण।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-पीजी) 2026 में सम्मिलित एवं विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों का चयन करने वाले अभ्यर्थी 28 मई 2026 से आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, प्रबंधन, शिक्षा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की गई है। इनमें एम.एससी. भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, एम.कॉम., एम.ए. संस्कृत, गांधी एवं शांति अध्ययन, शिक्षा, एमबीए, एमबीए (फूड एंड एग्रीबिजनेस) तथा दो वर्षीय एकीकृत मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस जैसे पाठ्यक्रम शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। सामान्य, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए पंजीकरण शुल्क 500 रुपये तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 200 रुपये निर्धारित किया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून 2026 निर्धारित की गई है।विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि पात्र अभ्यर्थियों को विभाग स्तर पर मेरिट सूची के आधार पर ऑफलाइन काउंसलिंग हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को समय-समय पर विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी गई है। अभ्यर्थी पात्रता, विषयवार योग्यता, शुल्क संरचना एवं अन्य विस्तृत दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध अधिसूचना में देख सकते हैं।

## अपराध पर जाति की राजनीति करने वाले तेजस्वी को जंगलराज का आईना देखना चाहिये : मंगल पांडेय

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कटिहार/पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा बिहार में अपराधियों के विरुद्ध हो रही कार्रवाई को 'जाति देखकर कारवाई' बताना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और तथ्यहीन है। यह बयान राजद की उस मानसिकता को दर्शाता है।जिसने 15 साल तक बिहार को 'जंगलराज' में धकेले रखा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार पुलिस 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर काम कर रही है। गोली अपराधी चलाता है, पुलिस जवाब देती है। पुलिस की गोली जाति-धर्म पूछकर नहीं चलती। रंगदारी, हत्या, लूट करने वाला किसी भी जाति का हो, कानून का डंडा सब पर बराबर चल रहा है। तेजस्वी जी अफवाह न फैलाएं। श्री पांडेय ने कहा कि जिस पार्टी के शासन में (राजद) अपहरण उद्योग बन गया था, व्यापारी पलायन कर गए थे। थानों से प्राथमिकी तक नहीं लिखी जाती थी, वो आज पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं। 2005 से पहले 'जाति' देखकर पीड़ित तय होते थे। मदद नहीं मिलती थी। आज 'डायल-112' 15 मिनट में पहुंच रही है, वो भी बिना जाति पूछे। बिहार सरकार ने साफ किया है कि न किसी को फंसाया जाएगा, न किसी अपराधी को बख्शा जाएगा। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए 'व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ', महिलाओं के लिए 'सेफ सिटी प्रोजेक्ट' और हर जिले में एसटीएफ का गठन हुआ है। श्री पांडेय ने कहा कि तेजस्वी यादव जी, जाति की राजनीति छोड़िए। अपराधी का कोई धर्म-जाति नहीं होती। बिहार अब 1990 का दौर नहीं देखना चाहता। एनडीए सरकार 'कानून का राज' स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता सब देख रही है और 2025 में जवाब भी दे चुकी है। राजद को आत्ममंथन करना चाहिए कि क्यों जनता ने उन्हें नकार दिया। बिहार अब 'सुशासन' के साथ है, 'कुशासन' के साथ नहीं।

## आरपीएफ एवं उत्पाद विभाग ने एक रेलवे कर्मचारी को शराब के साथ किया गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कटिहार।** कटिहार रेलवे स्टेशन के आरआरआई ब्रिज (वीआईपी गेट) के पास रेलवे सुरक्षा बल एवं उत्पाद विभाग की संयुक्त कार्रवाई में एक रेलवे कर्मचारी को प्रतिबंधित शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई 25 मई 2026 को आरपीएफ पोस्ट कटिहार (ईस्ट) और उत्पाद विभाग कटिहार की टीम द्वारा की गई।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनोज कुमार मेहता के रूप में हुई है, जो एसएसई वर्क्स लाइन कटिहार में फिटर-III पद पर कार्यरत है। तलाशी के दौरान उसके पास से विभिन्न ब्रांड की कुल 13 बोतल शराब बरामद की गयी।जिसकी मात्रा लगभग 9 लीटर और अनुमानित कीमत 10,940 रुपये बताई गई है।

आरपीएफ अधिकारियों ने मौके पर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी और बरामद शराब को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग कटिहार को सौंप दिया। मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## शिक्षक मदन लाल मंडल को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आईपीएस विकास वैभव ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से किया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता






- स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी भव्य स्वागत करते हुए खुशी का इजहार किया
- कई संस्था से जुड़कर समाज हित में कर रहे हैं सेवा

**कटिहार।** कटिहार निवासी मदनलाल मंडल ने शिक्षक के रूप में 51 वर्ष पूरा करने पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के द्वारा पटना में आयोजित एक समारोह में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामल अहमद एवं आईपीएस विकास वैभव ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यामल अहमद एवं आईपीएस विकास वैभव ने मदनलाल मंडल को शाल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है। इनके सम्मान में कार्यक्रम सदन में ताली की आवाज से बहुत देर तक गूंजती रही।

वहीं,कटिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में एक समारोह आयोजित कर मदनलाल मंडल को सम्मानित करने का कार्य पिछले दिनों किया गया है। चिल्ड्रेन्स इंग्लिश स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी भव्य स्वागत करते हुए खुशी का इजहार किया। बच्चों के बीच मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। मदनलाल मंडल शिक्षक के रूप में अपनी सादगी भरी जीवन जीने के साथ-साथ अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सादगी के साथ बेहतर पठन-पाठन करते आ रहे हैं। इनके विद्यालय का शिक्षक भी बड़े सादगी के साथ विद्यालय में रहकर छात्र-छात्राओं को अनुशासन के साथ पठन-पाठन कराते हुए आ रहे हैं। इन्होंने 1981 में अपना विधालय चिल्ड्रेन्स इंग्लिश स्कूल, चालीसा हाट की स्थापना की और आज तक सफल रूप से संचालन करते हुए आ रहे हैं। इन्होंने शिक्षक के रूप में कटिहार ही नहीं बल्कि संपूर्ण बिहार वासियों के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं। मदनलाल मंडल का जन्म 18 नवंबर 1952 को कटिहार जिले के डंडखोरा प्रखंड अंतर्गत संगत टोला ग्राम में एक मध्य परिवार के घर हुआ है। उनकी माता स्वर्गीय सरस्वती देवी,पिता स्वर्गीय सुकलाल मंडल किसान थे। यह दो भाई, चार बहन है। मदनलाल मंडल की शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ 13 मई 1979 को सोमा राय से हुई।सोमा राय मंडल कुशल गृहिणी है।इन्हें दो लड़का है। सुमित कुमार रेलवे में कार्यरत है। रूपक कुमार इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर है।

मदनलाल मंडल वर्ग 1 से 3 तक की पढ़ाई प्राथमिक विद्यालय बलवा डंडखोरा, वर्ग 4 से 7 तक राजकीय बुनियादी विद्यालय सौरिया,वर्ग 8 से मैट्रिक तक की पढ़ाई सदानंद उच्च विद्यालय डुमरिया, मैट्रिक 1968 में सदानंद उच्च विद्यालय डुमरिया से किये हैं।1969 में इन्होंने प्री बोर्ड इंटरमीडिएट की पढ़ाई डीएस कॉलेज कटिहार से किया। इन्होंने 1972 में स्नातक प्रतिष्ठा की डिग्री डीएस कॉलेज से प्राप्त किया। 1972 से 74 तक यह कटिहार रजिस्ट्री ऑफिस में मुंशी का कार्य किए थे। 1975 में कटिहार स्थित आइडियल इंग्लिश सेमिनरी के प्राचार्य बने। 1981 में इन्होंने अपना विद्यालय चिल्ड्रेन्स इंग्लिश स्कूल चालीसा हाट,शिव मंदिर चौक,बड़ा बाजार कटिहार में स्थापना की। जो विद्यालय आज तक जारी है। मदनलाल मंडल 1977 में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन कटिहार का जिला संयोजक बने। 1981 से 2014 तक प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन कटिहार के अध्यक्ष रहे। 2014 से अब तक प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव है। 1981 में बिहार दैनिक यात्री संघ कटिहार के संस्थापक सदस्य बने। 1982 से 85 तक बिहार दैनिक यात्री संघ के सचिव रहे। पुनः 1998 से अब तक बिहार दैनिक यात्री संघ सचिव पद पर आसीन है। 2000 से अब तक स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य,मंडल रेल सलाहकार समिति के सदस्य,पूसी रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य हैं।

मदनलाल मंडल के विद्यालय में शिक्षक के रूप में रितेश कुमार विश्वास,योगेंद्र प्रसाद भगत, उमेश कुमार किसकू,अंजुम आरा, रंजीता कुमारी,अपूर्वा कुमारी, ममता कुमारी, प्राचार्य रूपक कुमार के द्वारा सादगी के साथ विद्यालय का सफल संचालन किया जा रहा है।

सबसे बड़ी बात यह है कि कार्य दिवस में प्रतिदिन समय से पूर्व मदनलाल मंडल विद्यालय पहुंचते हैं। विद्यालय कार्य संचालन समाप्ति के बाद विद्यालय से अपने घर को आते हैं। घर पर घरेलू कार्य के साथ-साथ अच्छी-अच्छी पुस्तक पढ़ना, समाज के गणमान्य लोगों के साथ विचार विमर्श करना, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक में भाग लेना, रेलवे की डी.आर. यू.सी.सी. एवं जेड. आर.यू.सी.सी. की बैठक में भी समय-समय पर भाग लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वाह बेहतर कर रहे हैं। कटिहार जिला को मदनलाल मंडल ऐसे सुयोग्य शिक्षक मिलने से कटिहार वासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# नालंदा में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, डीएम से मांगी रिपोर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा के नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय कैला में पिछले बुधवार को मध्याह्न भोजन खाने से अचानक 60 बच्चों के बीमार होने का मामला सामने में आया था। भोजन ग्रहण करने के तुरंत बाद बच्चों ने पेट दर्द, उल्टी और चक्कर आने की शिकायत की, जिसके बाद कई बच्चे विद्यालय परिसर में ही बेहोश होकर गिर पड़े। इस भयावह घटना से पूरे क्षेत्र और प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया था। आनन्-फानन में विद्यालय प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी बीमार बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरनौसा और चंडी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं, कुछ बच्चों की अत्यंत नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल रेफर किया गया था।

**NHRC ने लिया स्वतः संज्ञान, जिला प्रशासन को नोटिस :** नालंदा में हुए इस बड़े हादसे पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने मीडिया रिपोर्टों के आधार पर घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए नालंदा के जिलाधिकारी (DM) को आधिकारिक नोटिस जारी किया है। आयोग ने जिला प्रशासन से इस पूरे मामले पर दो सप्ताह के अंदर विस्तृत और गहन रिपोर्ट तलब की है, जिसमें बच्चों के इलाज, भोजन की गुणवत्ता और लापरवाही बरतने वालों पर की गई कार्रवाई की पूरी जानकारी मांगी गई है।



हादसे के बाद जब विभाग की ओर से जांच कराई गई, तो विद्यालय प्रबंधन की बेहद चौंकाने वाली लापरवाही सामने आई। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के पत्रांक 328 के तहत मिड-डे मील योजना में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए थे। नियम के मुताबिक, प्रतिदिन भोजन परोसने के बाद एक निर्धारित प्रपत्र (प्रमाण-पत्र) तैयार करना अनिवार्य है, जिस पर हेड मास्टर के साथ-साथ विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षकों के हस्ताक्षर होने आवश्यक हैं। जांच में पाया गया कि स्कूल में पदस्थापित कुल 10 शिक्षकों में से केवल कुछेक ने ही दैनिक प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। इतना ही नहीं, विद्यालय में पिछले महीनों के भी प्रमाण-पत्र संधारित (प्रिजर्व) नहीं पाए गए थे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा ने इस लापरवाही को अत्यंत संवेदनशीलता से लेते हुए विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका और वहां कार्यरत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को तत्काल प्रभाव से कारण बताओ (शो-कॉज़) नोटिस जारी किया था।

जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी ने नगरनौसा थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिहार सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों में बच्चों को परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और पौष्टिकता सुनिश्चित करने के लिए एक बेहद अहम और सख्त कदम उठाया है। शिक्षा विभाग ने सीमांचल क्षेत्र के चार प्रमुख जिलों—पूर्णिया, अररिया, कटिहार और किशनगंज—के कुल 120 विद्यालयों में परोसे जा रहे भोजन की वैज्ञानिक जाँच कराने का निर्णय लिया है। इस पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और उच्च स्तरीय बनाने के लिए दिल्ली स्थित एक मान्यता प्राप्त एजेंसी को अधिकृत किया गया है। यह एजेंसी निर्धारित सरकारी मानकों के अनुसार स्कूलों से फूड सैंपल्स को इकट्ठा करेगी और उनका गहन लैब परीक्षण करेगी।

शिक्षा विभाग ने इस पूरी कवायद को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। विभाग की ओर से जारी आदेश में साफ कहा गया है कि यदि जांच रिपोर्ट अधूरी, अस्पष्ट या निर्धारित वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो उसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसी स्थिति में संबंधित लापरवाही बरतने वाली एजेंसी को कोई भुगतान भी नहीं किया जाएगा। इस कड़े प्रावधान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जांच प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर कोई ढिलाई या हेरफेर न हो सके। विभाग ने भोजन के सैंपल कलेक्शन से लेकर रिपोर्ट तैयार करने तक की प्रक्रिया के लिए कड़े दिशानिर्देश जारी किए हैं। एजेंसी को निर्देश दिया गया है कि स्कूलों से नमूना संग्रह करने के बाद अधिकतम एक सप्ताह के भीतर पूरी जांच रिपोर्ट विभाग को सौंपनी होगी। नमूना लेने के दौरान सभी वैज्ञानिक पद्धतियों और स्वीकृत हाइजीन प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करना अनिवार्य होगा। तैयार होने वाली रिपोर्ट में नमूना संग्रह की सटीक तारीख, विद्यालय का पूरा नाम, ब्लॉक/स्थान और उस दिन बच्चों को परोसे गए 'मेन्यू' का स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड कार्यालय में लगा यूडीआईडी शिविर, 41 दिव्यांगों के आवेदन ऑनलाइन

**कोईलवर**| प्रखंड कार्यालय कोईलवर के सभागार में मंगलवार को दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यूडीआईडी) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सिविल सर्जन भोजपुर आरा एवं जिला पदाधिकारी भोजपुर के निर्देश के आलोक में किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र निर्माण एवं ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी कराई गई। शिविर में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, डॉ. आजम खान, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी विमलेश कुमार, सुमन कुमारी, एएनएम निगिता कुमारी, सरिता कुमारी तथा डाटा सेंटर ऑपरेटर रौशन कुमार पांडेय की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी कर्मियों ने निर्धारित समय पर पहुंचकर शिविर संचालन में सहयोग किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उमेश कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार शिविर में कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 13 आवेदन अपूर्ण पाए गए, जबकि 41 आवेदनों को ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत स्वीकृत कर आगे भेज दिया गया। अपूर्ण आवेदन वाले आवेदकों को आवश्यक त्रुटि सुधार कर पुनः दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। शिविर के दौरान दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों की अच्छी उपस्थिति रही। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उमेश कुमार सिंह ने बताया कि यूडीआईडी कार्ड बनने से दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में सहूलियत होगी।

### अविश्वास में गड़हनी प्रमुख का बचा कुर्सी

**गड़हनी**| स्थानीय प्रखंड सभागार गड़हनी में प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर विशेष बैठक बुलाई गई थी, लेकिन कोरम के अभाव में अविश्वास में प्रमुख का कुर्शी बच गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्चना कुमारी ने बताया कि नियम के अनुसार जितने समिति सदस्य है इसमें एक तिहाई बहुमत होना चाहिए लेकिन नहीं था। प्रखंड में 12 बीडीसी सदस्य है जिसमे 8 सदस्यों के समर्थन के बाद प्रमुख का कुर्शी गिर जाता लेकिन विपक्षी के पास 7 बीडीसी सदस्य ही उपस्थित हो सके। जिसमे इचरी पंचायत के सुगंति देवी, बलिगांव पंचायत के राधा देवी, काउप पंचायत के मोहन राम, हरपुर पंचायत के सुनीता देवी, कुरकुरी पंचायत के पुरषोत्तम कुमार, बगवां के पुष्पा देवी व बड़ौरा के बिमल यादव उपस्थित थे।

### नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज

**आरा**| भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि के पर बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन में श्रद्धांजलि सभा होगा, जिसमें नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. श्रीधर तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा विभिन्न प्रकोष्ठों एवं मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होकर देश के प्रथम प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करने को कहा है।

### सड़क हादसे में सीएसपी संचालक की मौत

**आरा** । आरा-अरवल मार्ग पर जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवना बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप बेलगाम ट्रेलर ने सीएसपी सह डेरी फार्म संचालक को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद ड्राइवर टेलर छोड़ मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, मृतक पवना थाना क्षेत्र के खनेट गांव निवासी कमलेश राय का 28 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार है। वह पेशे से सीएसपी सह डेरी फार्म संचालक था। वह पवना बाजार पर ग्रामीण बैंक का सीएसपी एवं गांव में अपना डेयरी फार्म चलाता था। इधर, मृतक के भाई मंटू कुमार ने बताया कि वह पवना बाजार पर वह ग्रामीण बैंक का सीएसपी केंद्र चलाते थे। वह सीएसपी केंद्र बंद कर पवना बाजार मार्केटिंग करने गए थे। मार्केटिंग करने के बाद वह तेल लेने के लिए पवना बाजार स्थित पेट्रोल पंप गए।

**पेट्रोल डलवाकर लौटने के दौरान टेलर ने कुचला** : बाइक में पेट्रोल डलवाने के बाद राकेश कुमार घर लौट रहे थे। उसी दौरान सहार की ओर से आ रही बेलगाम टेलर ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद पेट्रोल पंप कर्मियों के द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को मिली। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने इसकी जानकारी स्थानीय थाना एवं स्थानीय विधायक को दी। लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। करीब दो घंटे बाद स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई व एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी रौशनी देवी व एक पुत्र जानवी एवं एक पुत्र कान्हा है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी रौशनी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है

### गौरीशंकर महाविद्यालय में पौधरोपण

**ब्रह्मपुर** । गौरीशंकर विद्यालय प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय ब्रह्मपुर महोत्सव के दौरान पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कई फलदार और छायादार पौधे लगाए गए, साथ ही पीपल और पाकड़ जैसे प्राचीन वृक्षों के संरक्षण की मांग भी उठाई गई वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति आचार्य धर्मेंद्र तिवारी जी के सानिध्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व रमेश कुमार सुदामा एवं नित्यानंद ओझा ने किया कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति शिवनाथ प्रशाद सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण (पेड़ लगाना) पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए सबसे प्रभावी और आवश्यक कदम है। पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड को सोखते हैं, भूमि कटाव को रोकते हैं और वर्षा चक्र को संतुलित रखने में मदद करते हैं। वही पर्यावरण विद रमेश कुमार सुदामा ने कहा कलयुग में शिव के अवतार हैं वृक्ष जिस प्रकार भगवान भोलेनाथ ने समुद्र मंथन से निकले हलाहल को पीकर सृष्टि की रक्षा की थी इस प्रकार वृक्ष भी प्रदूषण रूपी हलाहल को सोखकर स्वच्छ ऑक्सीजन देकर जीवों के प्राण को बचाते हैं। कार्यक्रम में डॉ अर्चना सिंह,मुकेश मिश्रा, अजीत दुबे, जयमंगल मिश्रा, शंभू पांडेय, कैप्टन राणा प्रताप सिंह, शंभू चौरसिया मौजूद रहे

### सोन नदी में डूबकर ड्राइवर की मौत

**आरा** । भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र स्थित नारायणपुर सोन नदी बालू घाट संख्या-12 ए पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। बालू लोड करने पहुंचे एक हाईवा चालक की सोन नदी में नहाने के दौरान डूबने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास किया, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और युवक की तलाश में सर्च अभियान शुरू किया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, डूबने वाला युवक 25 वर्षीय जासूस कुमार उर्फ ढेमन कुमार था, जो संदेश थाना क्षेत्र के नसरतपुर गांव निवासी नंदकेश्वर रजक का पुत्र बताया जा रहा है। वह पेशे से हाईवा चालक था और मंगलवार को नारायणपुर स्थित बालू घाट संख्या-12 ए पर बालू लोड करने के लिए पहुंचा था। इसी दौरान वह स्नान करने के लिए सोन नदी में उतर गया। नहाने के क्रम में वह गहरे पानी में चला गया और तेज धारा में बहकर डूब गया।

**बुधवार सुबह से दोबारा शव की तलाश जारी** : प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना तत्काल उसके परिजनों और स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही युवक के परिवार में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के लोग नदी किनारे जुट गए। मौके पर पहुंचे संदेश थानाध्यक्ष संजीव कुमार और आरओ नवनीत कुमार सिन्हा ने स्थानीय लोगों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में बड़हरा से एसडीआरएफ की टीम हवलदार अखिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में छह जवानों और दो चालकों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने शाम करीब छह बजे से सोन नदी में युवक की तलाश शुरू की। देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका था।

# शराब तस्करों ने ट्रेन में उत्पाद टीम पर हमला किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । बक्सर में डीडीयू-दानापुर रेलखंड पर शराब तस्करों ने बुधवार सुबह उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर दिया। यह घटना बक्सर और डुमरांव स्टेशन के बीच कुशलपुर हाल्ट के पास लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पटना एक्सप्रेस में छापेमारी के दौरान हुई। हालांकि, इस हमले में पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए, लेकिन ट्रेन में यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। उत्पाद विभाग को लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पटना एक्सप्रेस से अवैध शराब तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर एएसआई संजीत तिवारी के नेतृत्व में उत्पाद पुलिस की टीम ट्रेन में सवार हुई थी। टीम की योजना तस्करों को डुमरांव स्टेशन पर दबोचने की थी।



**हाल्ट के नजदीक तस्करों ने ट्रेन की चेन पुलिंग कर दी** : पुलिस की भनक लगते ही तस्कर सतर्क हो गए। डुमरांव पहुंचने से पहले ही कुशलपुर हाल्ट के समीप तस्करों ने ट्रेन की चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन रुकते ही संदिग्ध युवक तेजी से नीचे उतरने लगे। उत्पाद टीम ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की, जिस पर तस्कर उग्र हो गए और पुलिस टीम पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धक्का-मुक्की के साथ पथराव का भी प्रयास किया गया। अचानक हुए इस हमले में पुलिसकर्मी किसी तरह खुद को बचाने में सफल रहे। घटना के बाद तस्कर मौके से फरार हो गए। ट्रेन में मौजूद यात्रियों के बीच कुछ देर के लिए भय और अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। कई यात्री अपने कोच से बाहर निकल आए, जबकि कुछ डर के कारण सीटों पर ही दुबके रहे। घटना की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को दी गई।

**पूरे नेटवर्क को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी** : उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शराब तस्करों की पहचान की जा रही है और पूरे नेटवर्क को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस रेलखंड पर लगातार बढ़ रही शराब तस्करी को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही। वहीं, आरपीएफ प्रभारी कुंदन कुमार ने कहा कि उत्पाद विभाग को ट्रेन में छापेमारी से पहले उन्हें सूचना देनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। हालांकि घटना के बाद ट्रेन में गोली चलने की चर्चा भी होने लगी। लेकिन आरपीएफ प्रभारी कुंदन कुमार और उत्पाद अधीक्षक अशरफ जमाल ने गोली चलने की बात को पूरी तरह अफवाह बताया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि घटना के दौरान किसी प्रकार की फायरिंग नहीं हुई।

## पुलिस लाइन के पास चला युद्ध स्तर पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा** । सदर आरा प्रखंड अंतर्गत चंदवा में पुलिस लाइन के समीप मंगलवार को प्रशासन द्वारा व्यापक अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सदर अंचलाधिकारी अंकिता सिंह ने किया। इस दौरान प्रभारी राजस्व पदाधिकारी विष्णु देव सिंह, कई अमीन कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। अभियान के तहत चंदवा पावर ग्रिड के आसपास सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। प्रशासन ने जेसीबी मशीन और अन्य संसाधनों की सहायता से अतिक्रमित भूमि को खाली कराया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सैकड़ों पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी, जिससे पूरे इलाके में प्रशासनिक सख्ती देखने को मिली। अंचलाधिकारी अंकिता सिंह ने बताया कि शहर के विभिन्न इलाकों में लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों को चिन्हित कर नोटिस भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अभियान में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रभारी राजस्व पदाधिकारी विष्णु देव सिंह ने कहा कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# अगलगी में आठ घर जलकर राख

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**ब्रह्मपुर** । नैनीजोर थाना क्षेत्र के दक्षिणी नैनीजोर पंचायत स्थित डबकी नैनीजोर यादव बस्ती में मंगलवार की दोपहर भीषण अगलगी की घटना में लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते सात से आठ झोंपड़ीनुमा घर आग की चपेट में आ गए। हालांकि मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियों एवं जवानों के अथक प्रयास से आग को पूरी बस्ती में फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ी घटना टल गई। घटना मंगलवार को दोपहर लगभग ढाई से तीन बजे के बीच की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार एक घर में खाना बनाने के दौरान गैस लीक होने से अचानक आग भड़क उठी और कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीण जब तक शोर मचाते और आग बुझाने का प्रयास करते, तब तक आग ने



आसपास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया।अगलगी में घरों में रखा खाट, मचिया, पलंग, ओढ़ना-बिछावन, साड़ी, कपड़े, अन्य वस्त्र, साइकिल, मोटरसाइकिल, जेवरात तथा मवेशियों के लिए रखा भूसा, गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य खाद्यान्न जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आने से राजकुमार यादव की एक भैंस की झुलसकर मौत हो गई, जबकि एक छोटा बच्चा आंशिक रूप से झुलस गया। वहीं आग बुझाने के प्रयास में रामजी यादव भी झुलस गए।अगलगी के पीड़ितों में सूरज कुमार यादव, रामअवतार यादव, उपेंद्र यादव, जितेंद्र कुमार यादव, मुकेश यादव, राजेश यादव, राजकुमार यादव, बृज कुमार यादव, परशुराम यादव, रामजी यादव एवं गंगाधर यादव शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ। ब्रह्मपुर अंचलाधिकारी खुश्बू खातून ने बताया कि सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर भेज दी गई थीं।

# जिला नियोजनालय में प्राइवेट कंपनियों का जॉब कैंप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा** । भोजपुर के बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। जिला नियोजनालय की ओर से आज कृषि भवन कैंपस में जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान तीन निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी AVSAR,न्यू दिल्ली में ऑन-द-स्पॉट चयन किया जाएगा। जॉब कैंप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। यह जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने दी। जॉब कैंप में भोजपुर जिले के बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिलेगा। AVSAR,न्यू दिल्ली में मशीन ऑपरेटर के 40 पदों पर भर्ती करेगी। चयनित अभ्यर्थियों को 15700–20596 रुपये तक का मासिक वेतन दिया जाएगा।




**आवेदन के लिए आयु सीमा 18 से 42 वर्ष निर्धारित** : इस जॉब कैंप में केवल पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। आवेदन के लिए आयु सीमा 18 से 42 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता 10 वीं पासस्नातक,ITI एवं डिप्लोमा मांगी गई है। चयन प्रक्रिया के लिए आने वाले अभ्यर्थियों को निबंधन प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा तथा सभी जरूरी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है। नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि इस जॉब कैंप में भाग लेने वाले सभी आवेदकों का NCS पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर पंजीकरण अनिवार्य है। जो उम्मीदवार अभी तक निबंधित नहीं हुए हैं, वे ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला नियोजनालय, भोजपुर में भी ऑनलाइन निबंधन की सुविधा उपलब्ध है। जॉब कैंप में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि नियोजनालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में केवल सुविधा प्रदाता के रूप में होगी। चयन की पूरी जिम्मेदारी कंपनी की होगी। जिला प्रशासन ने सभी इच्छुक और योग्य बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए जॉब कैंप में अवश्य शामिल हों। यह कैंप भोजपुर जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने तोड़े ताले, लाखों की चोरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**धनसोई** ।धनसोई थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पीड़िया खरहना में अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सामान की चोरी कर ली। घटना की जानकारी उस समय हुई जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे। चोरी की इस घटना से विद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार भारती ने बताया कि वह सुबह करीब 6:30 बजे विद्यालय पहुंचे तो देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद जब अंदर जाकर जांच की गई तो पता चला कि विद्यालय के कमरे में रखा मध्यान भोजन का लगभग 10 क्विंटल चावल, गैस सिलेंडर, बच्चों का एफएलएन किट, खिलौने, रजिस्टर समेत अन्य आवश्यक सामान गायब हैं। उन्होंने बताया कि जिस कमरे में सामान रखा



गया था उसमें डबल ताला लगाया गया था, लेकिन चोरों ने दोनों ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पुलिस टीम को दी गई। इसके साथ ही खरहना पंचायत के मुखिया और स्थानीय ग्रामीणों को भी मामले की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही आसपास के लोग विद्यालय पहुंचे और घटना पर चिंता जताई। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि मामले को लेकर धनसोई थाना में लिखित आवेदन दिया गया है।

# लापरवाही पर मिलेगी सख्त सजा, समाज में कायम हो कानून का राज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा** । न्यू पुलिस लाइन आरा में मंगलवार की सुबह भव्य रैतिक परेड का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर एसपी राज के द्वारा परेड की विधिवत सलामी ली गई और जवानों की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान एसपी राज का सख्त और अनुशासित रुख देखने को मिला, जहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और जवानों की सजगता को परखा। निरीक्षण के क्रम में एसपी राज ने रैतिक परेड में शामिल जवानों के टर्नआउट और वर्दी की स्वच्छता का मुआयना किया और इसमें किसी भी तरह की कमी न रखने की हिदायत दी।



पुलिस केंद्र में मौजूद हथियारों और शस्त्रों के रख-रखाव की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया ताकि आपातकाल में कोई तकनीकी बाधा न आए। परेड में शामिल जवानों के शारीरिक समन्वय, अनुशासन और आपसी तालमेल की कड़ाई से जांच की गई। एसपी राज ने रैतिक परेड में शामिल जवानों से कहा कि पुलिस विभाग की छवि उसके अनुशासन और पारदर्शिता से बनती है। जनता की सेवा और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सलामी और निरीक्षण के बाद एसपी राज ने न्यू पुलिस लाइन में रैतिक परेड के मौके पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए सख्त लहजे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और उच्च स्तरीय अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। पुलिस का मुख्य उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना है। यदि किसी भी स्तर पर कर्तव्य के प्रति लापरवाही पाई गई, तो संबंधित पुलिसकर्मी पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस आयोजन के दौरान जिले के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और भारी संख्या में जवान मौजूद रहे।

# पांच लाख रुपए की अवैध शराब जब्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा** । भोजपुर में मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग को अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। विभाग की टीम ने मंगलवार को आरा नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी स्थित माउंट लिटेरा जी स्कूल गली मोड़ के पास वाहन जांच के दौरान दो कारों से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि जप्त शराब की कीमत करीब पांच लाख रुपये आंकी गई है। बरामद शराब उत्तर प्रदेश से आरा लाई जा रही थी। विभाग की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है।



**डीएम के निर्देश पर अवैध शराब को लेकर चल रहा वाहन जांच अभियान** : जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निर्देश पर जिले में लगातार अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी और वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश की ओर से दो वाहनों में भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर लाई जा रही है। सूचना के आधार पर निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने पकड़ी स्थित माउंट लिटेरा जी स्कूल गली मोड़ के पास वाहन जांच शुरू की। जांच के दौरान सबसे पहले टोयोटा ग्लैंजा कार (BR44R-4122) को रोका गया, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें से 180 लीटर अवैध बीयर बरामद की गई। इसके बाद एक टाटा पंच कार की जांच में 264 लीटर बीयर मिली। दोनों वाहनों से कुल 444 लीटर अवैध बीयर जब्त की गई। जप्त शराब में किंगफिशर एक्स्ट्रा स्पेशल स्ट्रांग बीयर 500 एमएल की कुल 888 कैन शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान वाहन चालक सोहेल खान, पिता स्वर्गीय अलीशेर खान, निवासी सारीपुर वार्ड संख्या-36, थाना औद्योगिक क्षेत्र, जिला बक्सर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत कोर्ट भेज दिया गया है। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार, राजकुमार राजा समेत मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। विभाग ने कहा है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# गंगा के तट पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य आगाज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर सारिमपुर अहिरौली स्थित मां गंगा के पावन तट पर अवस्थित श्रीवरदराज मंदिर प्रांगण में आध्यात्मिक चेतना का शंखनाद हो गया है। मंगलवार को श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, अभूतपूर्व अष्टोत्तर-सहस्त्र ताम्र कलशाभिषेक एवं श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ अत्यंत भव्य और दिव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने गंगा से जलभरी कर यज्ञ स्थल पहुंचे। गाजा-बाजा और घोड़ा ऊंट भी कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। वैदिक मंत्रोच्चार, जय श्री राम व हर हर महादेव के जयघोष से संपूर्ण इलाका भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। इस पावन अवसर पर विश्वामित्र सेना के राष्ट्रीय संयोजक



राजकुमार चौबे ने भी कलश यात्रा में श्रद्धापूर्वक भाग लिया और संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रचंड गर्मी को देखते हुए लोगों ने जगह-जगह पर शर्बत आदि की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए किए हुए थे। 30 मई को पूर्णाहुति और विशाल भंडारा यह दिव्य महायज्ञ अनंतकोटि ब्रह्मांडनायक देवाधिदेव भगवान श्रीवरदराज की असीम कृपा तथा भक्ति-पथ-प्रदर्शक परम पूज्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री वेंकटाचार्य महाराज के पावन सत्य-संकल्प से आयोजित हो रहा है। उनके चरणाश्रित महंत श्री श्री 108 स्वामी मधुसूदनाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में हो रहा यह महायज्ञ 26 मई (मंगलवार) से प्रारंभ होकर अधिक ज्येष्ठ पूर्णिमा, रविवार 30 मई 2026 को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं, मातृशक्ति एवं सनातन धर्म प्रेमियों की भारी सहभागिता देखने को मिली।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 10 लाख की लूट, थाना से 300 मीटर दूर बाइक सवारों ने ज्वेलर्स के बैग छीनकर भागे

**हाजीपुर**। वैशाली जिले में देर रात एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया गया। यह वारदात गोरौल थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर हुई, जिससे पुलिस गश्त पर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना गोरौल थाना क्षेत्र के गोरौल चौक पर स्थित राहुल व हर्ष ज्वेलर्स दुकान के पास हुई। दुकान मालिक राहुल कुमार रात में दुकान का शटर बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनके हाथ से आभूषण से भरा बैग झपट्टा मारकर छीन लिया और मौके से फरार हो गए। दुकानदार ने शोर मचाया और अपराधियों का पीछा भी किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। पीड़ित दुकानदार राहुल कुमार ने बताया कि छीने गए बैग में दुकान की चाबी के साथ लगभग 10 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 24 हजार रुपये नकद थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी की, लेकिन अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया। दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगा है, लेकिन चूंकि दुकान की चाबी भी लूटे गए बैग में थी, इसलिए दुकान अभी तक नहीं खुल पाई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। इस घटना के बाद से पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं और स्थानीय व्यापारियों में दहशत का माहौल है। मामले के खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जिले की डीआईयू (जिला खुफिया इकाई) टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

### भूमि विवाद पंचायत हिंसक झड़प में बदली, जनप्रतिनिधियों के सामने 12 लोग घायल, दोनों पक्ष ने दिया आवेदन

**हाजीपुर**। वैशाली के बेलसर थाना क्षेत्र के नगवां गांव में भूमि विवाद को लेकर बुलाई गई पंचायत हिंसक झड़प में बदल गई। इस घटना में महिलाओं सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलसर ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायलों को सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर किया गया है। नगवां पंचायत में लंबे समय से चले आ रहे जमीन विवाद के समाधान के लिए यह पंचायत आयोजित की गई थी। पंचायत की अगुवाई सरपंच प्रतिनिधि क्रांति पटेल और मुखिया प्रतिनिधि विंदा सिंह कर रहे थे। दोनों पक्षों के लोग बातचीत के जरिए विवाद सुलझाने के लिए एकत्र हुए थे। पंचायत के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। प्रतिनिधियों ने बताया कि कुछेक मुद्दों को बेवजह तूल दिया गया। इसी बीच, एक पक्ष के जैनुल टेलर और दूसरे पक्ष के रफाकत हुसैन के बीच किसी बात पर तीखी बहस छिड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुछ ही देर में माहौल तनावपूर्ण हो गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि रफाकत हुसैन पक्ष के लोगों ने पंचायत के बीच ही जैनुल टेलर पर हमला कर दिया। इसके बाद दोनों ओर से लाठी-डंडे, तलवार और फरसा चलने लगे। अचानक हुई हिंसा से मौके पर भगदड़ मच गई और पंचायत में मौजूद जनप्रतिनिधियों को वहां से हटना पड़ा। इस मारपीट में एक पक्ष के हसन रजा, नूरुल होदा, अली राजा, जाकिर हुसैन और शबाना खातून घायल हुए हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से रफाकत हुसैन, मन्नान, सज्जाद हुसैन, रौशन खातून और मोहम्मद फारूक सहित कई लोग जख्मी बताए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही बेलसर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस दोनों पक्षों से आवेदन लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

### दहेज हत्या मामले में आरोपी पति बरी, कोर्ट ने 10 साल बाद किया रिहा, वकील बोले- सच की जीत हुई



**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर सिविल कोर्ट ने दहेज हत्या के एक मामले में आरोपी संजीत महतो को बरी कर दिया है। एडीजे-1 की अदालत ने उन्हें दस साल बाद आरोपी को बाइज्जत रिहा किया। संजीत महतो पारू थाना क्षेत्र के केशोपुर वभनगांव के निवासी हैं। यह मामला संजीत महतो के ससुर शंकर महतो ने पारू थाना में दर्ज कराया था। इसकी प्राथमिकी संख्या 250/16 थी। अभियोजन पक्ष ने अदालत में चार गवाह पेश किए थे। हालांकि, आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूतों के अभाव में अदालत ने उन्हें रिहा करने का फैसला सुनाया। संजीत महतो का बचाव मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के. झा ने किया। उन्होंने अदालत में मजबूती से अपना पक्ष रखा। रिहाई के बाद वकील झा ने कहा, "सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं।" उन्होंने यह भी बताया कि संजीत महतो एक गरीब परिवार से आते हैं और उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं थे।

### देसी कट्टा के साथ 5 बदमाश अरेस्ट, 212 पुड़िया स्मैक सहित आधार कार्ड जब्त

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के कांटी थाना क्षेत्र में 22 मई 2026 को हुई लूटपाट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से लूटा गया सामान, एक देसी कट्टा, 212 पुड़िया स्मैक और घटना में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है। बाइक सवार युवक से हुई लूट की इस घटना के संबंध में कांटी थाना में कांड संख्या 316/26 दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी और सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी की और आरोपियों तक पहुंचने में सफलता हासिल की। सबसे पहले सुंदरम कुमार, धर्मनाथ कुमार उर्फ बड़ी और दीपक कुमार उर्फ विवेक कुमार को गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर कपरपुरा ओवरब्रिज के पास छापेमारी कर लूटा गया आधार कार्ड, ऑनर बुक और एक देसी कट्टा बरामद किया गया। इसके बाद, पुलिस ने कांटी हाईस्कूल के पीछे स्थित लीची बगान में छापा मारा और गौरव कुमार और राज कुमार यादव उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 212 पुड़िया स्मैक और लूटकांड में इस्तेमाल की गई बाइक मिली। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने कांटी थाना क्षेत्र में हुई कई अन्य आपराधिक घटनाओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, इन अपराधियों का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और इनके खिलाफ पहले से आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और लूट के कई मामले दर्ज हैं। बरामद देसी कट्टा और स्मैक को लेकर पुलिस ने अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है। फिलहाल, पुलिस पूरे गिरोह और उनके नेटवर्क की जांच कर रही है, साथ ही अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### मुजफ्फरपुर में कंपनी की फ्रेंचाइजी लेकर ठगी का आरोपी अरेस्ट, लोगों के साथ-साथ कंपनी को भी ठगा

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर पुलिस ने एक बड़े साइबर फ्रॉड गिरोह का खुलासा किया है। यह गिरोह एक निजी कंपनी की फ्रेंचाइजी लेकर ग्राहकों के साथ-साथ कंपनी को भी ठगी का शिकार बना रहा था। मामले में पुलिस ने गिरोह के सक्रिय सदस्य मोहम्मद चांद को गिरफ्तार किया है, जबकि इसका मास्टरमाइंड अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि लगातार साइबर ठगी से संबंधित शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद साइबर डीएसपी हिमांशु कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर जांच शुरू की, जिसमें मोतीपुर थाना क्षेत्र में संचालित एक संदिग्ध नेटवर्क का पता चला। जांच में सामने आया कि सरैया थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद चांद "एक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड" नामक निजी कंपनी की फ्रेंचाइजी चला रहा था। आरोप है कि वह ग्राहकों से ओटीपी लेकर उनके ऑर्डर में हेरफेर करता था। कई मामलों में ग्राहकों का रिफंड पैसा भी ओटीपी के जरिए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया जाता था। इस पूरी प्रक्रिया में कंपनी की साख और सिस्टम का भी दुरुपयोग किया जा रहा था, जिससे कंपनी भी ठगी का शिकार बनी। सिटी एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मोतीपुर स्थित एक गोदाम से साइबर फ्रॉड से जुड़े काम किए जा रहे हैं। इसके बाद साइबर थाना की टीम ने कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लैपटॉप, मोबाइल फोन, स्कैनर समेत कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। फिलहाल जब्त उपकरणों की जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस नेटवर्क के जरिए कितने लोगों को ठगा गया और इसमें अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# मसौढ़ी में पुलिस मुठभेड़ के बाद दो कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**मसौढ़ी**। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के चरमा गांव में बुधवार अहले सुबह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कैश वैन लूटकांड में शामिल दो कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मनेर निवासी बादल उर्फ अजय पासवान तथा झारखंड के कोडरमा निवासी अजय कुमार यादव उर्फ श्रवण उर्फ छोटू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों अपराधी किसी सोना-चांदी की दुकान में डकैती की योजना बना रहे थे। गुप्त सूचना मिलने के बाद नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) परिचय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी की। सुबह करीब साढ़े चार बजे पुलिस टीम के पहुंचते ही अपराधियों ने पुलिस वाहन पर फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बादल उर्फ अजय पासवान के पैर में गोली लग गई। गोली लगने के बाद वह मौके पर गिर पड़ा, जिसके बाद पुलिस ने दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। घायल अपराधी को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक पिस्टल, एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा बरामद किए हैं। घटना के बाद इलाके में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अजय कुमार यादव पर हत्या, रंगदारी, लूट और आर्म्स एक्ट समेत 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। वहीं बादल उर्फ अजय पासवान के खिलाफ हत्या, बैंक डकैती और लूट के 15 से अधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। कई बड़े बैंक लूट और हत्या मामलों में भी इनकी संलिप्तता सामने आ चुकी है।

जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों अपराधियों का संबंध हाल ही में गोपालपुर थाना क्षेत्र में हुई सीएमएस कंपनी की कैश वैन लूटकांड से भी है। पुलिस के मुताबिक, दोनों अपराधी मसौढ़ी के एक सराफा दुकान की पहले ही रेकी कर चुके थे और बड़ी लूट की वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि संगठित अपराध के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा और फरार अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## बकरीद को लेकर मसौढ़ी में पुलिस और एसएसबी का फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**। बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर मसौढ़ी पुलिस और एसएसबी के जवानों ने सोमवार को फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष विवेक भारती ने किया। यह फ्लैग मार्च मसौढ़ी थाना परिसर से शुरू होकर पुरानी बाजार, रहमतगंज, गंगाचक, मालिकाना, तारेगना सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों से गुजरते हुए पुनः थाना पहुंचकर समाप्त हुआ। मार्च के दौरान पुलिस और एसएसबी के जवानों ने लोगों को शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम करना और बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए जागरूक करना है।

उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ, अफवाह फैलाने वाली या आपत्तिजनक पोस्ट साझा नहीं करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने या सामाजिक सौहार्द खराब करने की कोशिश करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में एसएसबी के जवानों के साथ बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

# शिलांग में बिहारी कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार से की मुलाकात

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना/शिलांग**। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार से मंगलवार को शिलांग दौरे के दौरान मेघालय स्थित बिहारी कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रवासी बिहारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद यादव के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने पूर्वोत्तर में रह रहे बिहार के लोगों की समस्याओं और सुविधाओं को लेकर विधानसभा अध्यक्ष से विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने गुवाहाटी और पटना के बीच प्रतिदिन सीधी हवाई सेवा शुरू करने की मांग रखी, ताकि पूर्वोत्तर में रहने वाले बिहार के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके।

इसके अलावा शिलांग में "बिहार भवन" के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इससे बिहार से आने वाले छात्रों, मरीजों और अन्य आगंतुकों को ठहरने और सहायता की बेहतर सुविधा मिल पाएगी। बैठक में मेघालय के प्रतिष्ठित अस्पतालों को बिहार सरकार के चिकित्सा पैनल में शामिल करने की मांग भी उठाई गई, ताकि बिहार सरकार के कर्मचारियों और आम नागरिकों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिल सके।

वहीं मेघालय में रह रहे बिहारी उद्यमियों ने बिहार में निवेश को लेकर भी रुचि दिखाई। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा उद्योग और निवेश के लिए दी जा रही प्रोत्साहन योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी मांगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों और सुझावों की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि इन मुद्दों को संबंधित विभागों और अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि प्रवासी बिहारियों को आवश्यक सुविधाएं मिल सकें। मुलाकात के अंत में बिहारी कल्याण संघ की ओर से विधानसभा अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# मसौढ़ी में समर कैंप संचालन को लेकर बैठक, कमजोर बच्चों की दक्षता बढ़ाने पर जोर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता









**मसौढ़ी**। समग्र शिक्षा अभियान के तहत मसौढ़ी प्रखंड के विद्यालयों में समर कैंप के सफल संचालन को लेकर बुधवार को बीआरसी परिसर स्थित सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य कक्षा 5 और 6 के कमजोर विद्यार्थियों को भाषा और गणित विषय में न्यूनतम दक्षता दिलाना तथा उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार लाना था। इस दौरान बच्चों को बुनियादी पढ़ाई में मजबूत बनाने के लिए शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में प्रखंड के सभी संकुल समन्वयक, व्यवस्थापक, विद्यालय प्रधानाध्यापक एवं संबंधित शिक्षकों ने भाग लिया। समग्र शिक्षा एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्राथमिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा) के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में समर कैंप को प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाने पर विशेष चर्चा हुई।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि तालिमी मरकज और टोला सेवक विद्यालयों में उपस्थित रहकर समर कैंप का संचालन करेंगे, ताकि कमजोर बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई का लाभ मिल सके। इस अवसर पर लेखापाल प्रमोद कुमार, खुशबू कुमारी, दीपक कुमार, ब्यूटी शर्मा, रंधीर कुमार सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। बैठक का समापन समर कैंप को सफल बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# पटना में नालों और सीवर की सफाई अब मशीनों से होगी, मानसून से पहले सरकार अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**पटना**। पटना में मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर बिहार सरकार ने सफाई व्यवस्था और जलजमाव से निपटने के लिए बड़े स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। नीतीश मिश्रा ने पटना नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर नालों, सीवरों, पेयजल व्यवस्था और आपदा प्रबंधन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने साफ कहा कि अब "मैनहोल" की जगह "मशीन होल" की अवधारणा पर काम किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सीवर और नालों की सफाई आधुनिक मशीनों के जरिए की जाए, ताकि सफाईकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सरकार अब जेटिंग मशीन और सक्शन मशीन जैसी अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर सफाई व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, तेज और प्रभावी बनाने की तैयारी में है।

मंत्री ने कहा कि मानव जीवन की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी परिस्थिति में सफाईकर्मियों को जोखिम में नहीं डाला जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित नाला निर्माण और सफाई कार्य मानसून से पहले हर हाल में पूरे कर लिए जाएं। लापरवाही बरतने वाले संवेदकों पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई।

बैठक में पिछले वर्ष जलजमाव से प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले साल की समस्याओं और आंकड़ों का विश्लेषण कर इस बार पहले से बेहतर तैयारी की जाए। अनुमंडल पदाधिकारियों और अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। संभावित खतरे वाले इलाकों में चेतावनी बोर्ड लगाने, कमांड सेंटर के जरिए निगरानी बढ़ाने और आपात स्थिति से निपटने के लिए अलग टीम गठित करने के भी निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मोटर, पंप और सम्प से जुड़ी आपात परिस्थितियों के लिए अलग कंटिंजेंसी प्लान तैयार रखने को कहा गया।

पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि हर परिस्थिति में लोगों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गर्मी और बारिश के मौसम में जलापूर्ति बाधित न हो, इसके लिए पहले से पूरी तैयारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में अनिमेष कुमार पराशर और यशपाल मीणा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस की कार्रवाई में भारी मात्रा में जावा महुआ नष्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी**। लहसुना थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के चपौर और बांसडीह गांव में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में जावा महुआ बरामद किया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

हालांकि छापेमारी के दौरान पुलिस को तैयार शराब बरामद नहीं हुई और न ही किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी हो सकी। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चपौर और बांसडीह गांव में छापेमारी की गई थी। अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में जावा महुआ बरामद हुआ, जिसे तत्काल नष्ट कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी अवैध गतिविधियों से दूर रहने और कानून का पालन करने की अपील की है।

## स्पेन में दीघा-कंकड़बाग प्रोजेक्ट को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम (बुडको) के दीघा-कंकड़बाग प्रोजेक्ट को "ग्लोबल वॉटर अवार्ड" से सम्मानित किया गया है। स्पेन में आयोजित 'ग्लोबल वॉटर समिट 2026' में दीघा-कंकड़बाग इंटीग्रेटेड वेस्ट वॉटर प्रोजेक्ट को 'वेस्टवॉटर प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर' के रूप में अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है। इस कार्यक्रम में दुनियाभर के कई देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

**गौरव के साथ-साथ आगे बेहतर करने की प्रेरणाः** बुडको प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि यह सम्मान बुडको परिवार, नमामि गंगे और सभी भागीदार एजेंसियों की सामूहिक मेहनत और समर्पण का परिणाम है। यह हमारे लिए गौरव के साथ-साथ आगे बेहतर करने की प्रेरणा भी है। हमारा संकल्प है कि बिहार में जल प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर नए मानक स्थापित करें। उन्होंने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता आगे के कार्यों के लिए जिम्मेदारी को और बढ़ाती है।

अंतरराष्ट्रीय मान्यता के साथ बुडको ने शहरी जल प्रबंधन और स्वच्छता के क्षेत्र में बिहार को देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में स्थापित किया है। ग्लोबल वॉटर इंटेलिजेंस (GWI) की ओर से 2006 से दिया जाने वाला पुरस्कार जल क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सामाजिक प्रभाव के सर्वोच्च वैश्विक मानकों का प्रतीक माना जाता है।

# एलआईसी ने लॉन्च किए दो नए संयुक्त जीवन बीमा प्लान, 1 जून से शुरू होगी बिक्री

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। भारतीय जीवन बीमा निगम ने ग्राहकों के लिए दो नए संयुक्त जीवन बीमा प्लान लॉन्च किए हैं। निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरैस्वामि ने "नई जीवन साथी-एकल प्रीमियम" (प्लान 888) और "नई जीवन साथी-सीमित प्रीमियम" (प्लान 889) योजना का शुभारंभ किया। दोनों योजनाएं 1 जून 2026 से ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगी। एलआईसी के अनुसार ये दोनों व्यक्तिगत बचत आधारित संयुक्त जीवन बीमा योजनाएं हैं, जिनमें विवाहित दंपति को एक ही पॉलिसी के तहत बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। योजनाओं का उद्देश्य सुरक्षा और बचत दोनों का लाभ देना है। दोनों योजनाओं में न्यूनतम बीमित राशि 3 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जबकि अधिकतम राशि निगम की जोखिम नीति के अनुसार तय होगी। पॉलिसी लेने के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष रखी गई है। योजनाओं में मृत्यु लाभ के दो अलग-अलग विकल्प भी दिए गए हैं।

एलआईसी ने बताया कि दोनों योजनाओं में ऋण सुविधा उपलब्ध रहेगी। जरूरत पड़ने पर पॉलिसीधारक पॉलिसी पर लोन ले सकेंगे। इसके अलावा अतिरिक्त प्रीमियम देकर वैकल्पिक राइडर भी जोड़े जा सकेंगे। वर्तमान पॉलिसीधारकों और मृत पॉलिसीधारकों के नामांकितों को प्रीमियम में विशेष छूट का लाभ भी मिलेगा। परिपक्वता अवधि पूरी होने तक यदि दोनों में से कम से कम एक बीमित व्यक्ति जीवित रहता है, तो मूल बीमित राशि के साथ गारंटीकृत अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जाएगा। वहीं पहली मृत्यु की स्थिति में मृत्यु लाभ राशि दी जाएगी, जबकि दूसरी मृत्यु होने पर अतिरिक्त लाभ और गारंटीकृत अतिरिक्त राशि का भुगतान होगा।

"नई जीवन साथी-एकल प्रीमियम" योजना की खासियत यह है कि इसमें प्रीमियम केवल एक बार जमा करना होगा। इस योजना में पूरी पॉलिसी अवधि के दौरान प्रति वर्ष मूल बीमित राशि के प्रत्येक 1000 रुपये पर 70 रुपये की दर से गारंटीकृत अतिरिक्त राशि मिलेगी। वहीं "नई जीवन साथी-सीमित प्रीमियम" योजना में सीमित अवधि तक प्रीमियम भुगतान करना होगा। इसमें 10, 15, 20 और 25 वर्ष की पॉलिसी अवधि के लिए 5, 10 या 15 वर्ष तक प्रीमियम जमा करने का विकल्प दिया गया है। इस योजना में कुल वार्षिक प्रीमियम के 7 प्रतिशत की दर से गारंटीकृत अतिरिक्त राशि मिलेगी। साथ ही प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान पहली मृत्यु होने पर प्रीमियम माफी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा जिलाध्यक्ष गीता बालमुचू ने लगाया हत्या के प्रयास का आरोप



**पूर्वी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला भाजपा अध्यक्ष गीता बालमुचू ने अपने सड़क हादसे को महज दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए बड़ा खुलासा किया है। टाटा मेन अस्पताल में इलाजरत गीता बालमुचू ने पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां के समक्ष दावा किया कि उनकी हत्या की साजिश रची गई थी और जानबूझकर उनकी कार को निशाना बनाया गया। अस्पताल पहुंचकर दुलाल भुईयां के साथ कमल राम यादव,कुंज विभार, सुनील सिंह सदानंद टोपनो,सुबुल प्रमाणीक,अनिल कांडी के साथ घायल भाजपा जिलाध्यक्ष का हालचाल जाना। मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया को बताया कि गीता बालमुचू ने उन्हें घटना की पूरी जानकारी दी। उनके अनुसार घटना वाले दिन वह किसान आंदोलन के कार्यक्रम में शामिल होकर चाईबासा लौट रही थीं। इसी दौरान सिंहपोखरिया के पास एक बड़े वाहन ने संदिग्ध परिस्थिति में उनकी कार को टक्कर मारने का प्रयास किया। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को मोड़कर बचाने की कोशिश की, लेकिन उसी दौरान ट्रक और एक अन्य कार की टक्कर से उनका वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। गौरतलब है कि गत गुरुवार को सिंहपोखरिया के पास हुए इस भीषण हादसे में गीता बालमुचू की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें वाहन से बाहर निकालकर पहले चाईबासा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर के टाटा मेन अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल उनके चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटों का इलाज चल रहा है।

### प्लंबर ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस



**पूर्वी सिंहभूम।** निर्मलनगर में प्लंबर ने फांसी लगाकर दी जान, मानसिक बीमारी से थे परेशान सीतारामडेरा थाना क्षेत्र स्थित निर्मलनगर में मंगलवार रात एक 53 वर्षीय प्लंबर विजय दास ने अपने घर में फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। घटना के समय वह घर में अकेले थे। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार विजय दास पिछले काफी समय से मानसिक बीमारी से जूझ रहे थे। उनका इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा था। बीते गुरुवार को उनकी मानसिक स्थिति अधिक बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह घर लौटे थे, लेकिन उनकी हालत सामान्य नहीं थी। परिवार का कहना है कि बीमारी और मानसिक तनाव के कारण ही उन्होंने यह कदम उठाया। पत्नी की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ा गया। अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। विजय दास कमरे में फंदे से लटके हुए थे। आनन-फानन में उन्हें नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। विजय दास अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है।

### रंगदारी और नशेबाजी के विवाद में दो जगहों पर फायरिंग



**पूर्वी सिंहभूम।** गोलमुरी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात हुई फायरिंग की घटनाओं ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। महज पांच घंटे के अंतराल में नामदा बस्ती और आसपास के क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में कुल पांच राउंड गोलियां चलायी गयीं। पुलिस दोनों मामलों को आपस में जुड़ा मानकर जांच कर रही है। दोनों घटनाओं के बाद इलाके में भय और तनाव का माहौल है। पहली घटना मंगलवार रात नामदा बस्ती स्थित गुरुद्वारा के पीछे हुई। बताया जा रहा है कि यहां पड़ोसियों के बीच चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि वीर सिंह उर्फ पंडित नामक युवक ने अमन सिंह के घर पहुंचकर उनकी मां राज कौर पर गोली चला दी। हालांकि गोली राज कौर को नहीं लगी और वह बाल-बाल बच गयीं। इसके करीब पांच घंटे बाद देर रात 12 बजकर 56 मिनट पर दूसरी बड़ी फायरिंग की घटना सामने आयी। अपराधियों ने राज नामक व्यक्ति के घर के सामने तीन राउंड गोलियां चलायीं। इस दौरान एक गोली राज की थार गाड़ी में जा लगी। घटना के बाद आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। पीड़ित राज ने पुलिस को बताया कि घटना से पहले उनके मोबाइल पर फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को कुंडी बताते हुए 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। कॉलर ने कहा कि पैसे नहीं दिए तो उन्हें कन्हैया यादव के पास ऊपर पहुंचा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले कन्हैया यादव की गोलमुरी डीएसपी कार्यालय के पास गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उस मामले में भी कुंडी का नाम सामने आया था और वह अब भी फरार बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही गोलमुरी थाना प्रभारी संजय सुमन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से खोखा बरामद किया है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस दोनों मामलों में आपसी संबंध और आपराधिक गिरोह की भूमिका की जांच कर रही है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपितों की पहचान कर ली गई है,उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### हत्या का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**खूंटी।** जिले के सायको थाना क्षेत्र में छऊ नृत्य मेला देखने गए जिउरी बड़ा टोली गांव निवासी दो किशोरों की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में हत्याकांड को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपित सायको के जिउरी बड़ा टोली निवासी सुम्बर सिंह मानकी (21 ) के अलावा शव छिपाने में सहयोग करने वाले सायको निवासी गोमेया सोय (45) और बुधराम सोय (45 ) शामिल हैं। पूछताछ में आरोपितों ने आपसी रंजिश में हत्या करने की बात स्वीकार की है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। बताया गया कि 17 मई की रात सायको में आयोजित छऊ नृत्य कार्यक्रम देखने विशु पाहन अपनी पूर्व प्रेमिका सुमी मुंडू के साथ पहुंचा था। कार्यक्रम स्थल से करीब 300 मीटर दूर सुम्बर सिंह मानकी ने पुराने विवाद को लेकर विशु पाहन पर धारदार हथियार टांगी से हमला कर दिया। इस दौरान सुमी मुंडू ने उसे बचाने का प्रयास किया, तो आरोपित ने उस पर भी हमला कर दिया। हमले में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपित ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर दोनों शवों को मारंगबुरू पहाड़ में छिपा दिया था, जहां से अगले दिन पुलिस ने शव बरामद किए। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी, खून लगी मिट्टी, चप्पल और कपड़े बरामद किए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

# झारखंड के 20 जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



राजधानी रांची सहित राज्य के 20 जिलों में गुरुवार को बारिश, तेज आंधी और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने इसे लेकर बुधवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कई इलाकों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला रहेगा। हालांकि उत्तर-पश्चिमी झारखंड के चार जिलों गढ़वा, पलामू, लातेहार और चतरा में गुरुवार को बारिश की संभावना कम जताई गई है। इसके अलावा शेष जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने और वज्रपात की आशंका व्यक्त की गई है। विभाग ने यह भी कहा है कि दो जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम अस्थिर बना रह सकता है। इस दौरान कई स्थानों पर गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है। तापमान की बात करें तो राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान डाल्टनगंज में 43.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गोड्डा में 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए और मध्यम गति से हवा चलने लगी। इससे लोगों को तेज गर्मी से कुछ राहत महसूस हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री और न्यूनतम 25.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री और न्यूनतम 25.7 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 43.5 डिग्री और न्यूनतम 27.3 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 40.5 डिग्री और न्यूनतम 27.6 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और आकाशीय बिजली गिरने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। किसानों को भी मौसम को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

जिले के चाकुलिया थाना क्षेत्र में ग्रामीण पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 336 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 16 हजार 800 रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई नया बाजार इलाके में की गई, जहां लंबे समय से गांजा बिक्री की शिकायत मिल रही थी। गिरफ्तार युवक की पहचान महेश गागराई के रूप में हुई है। बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में ग्रामीण एसपी शुभम कुमार खंडेलवाल ने बताया कि आरोपित स्थानीय स्तर पर गांजा सप्लाई करने का काम करता था। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह 30, 50 और 100 रुपये की पुड़िया बनाकर युवाओं और अन्य ग्राहकों को गांजा बेचता था। पुलिस को आशंका है कि वह लंबे समय से इस अवैध धंधे में सक्रिय था और इलाके में नशे का नेटवर्क फैला रहा था। ग्रामीण एसपी ने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। खासकर उन क्षेत्रों पर पुलिस की नजर है, जहां युवाओं को नशे की ओर धकेलने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपित गांजा कहां से लाता था और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही पूरे नेटवर्क की जांच जारी है।

## तेज आंधी-तूफान ने आम की फसल को पहुंचाया भारी नुकसान

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा, पोटका, बहरागोड़ा और चाकुलिया प्रखंडों में मंगलवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। अचानक चली तेज हवाओं और बारिश के कारण कई गांवों में आम के बागानों से बड़ी मात्रा में कच्चे और तैयार आम टूटकर जमीन पर गिर गए। इससे किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया है। सबसे अधिक नुकसान उन किसानों को हुआ है जिन्होंने इस वर्ष बेहतर उत्पादन की उम्मीद में आम के बागानों की विशेष देखभाल की थी। ग्रामीण क्षेत्रों में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगाए गए आम के बागान भी तूफान की चपेट में आ गए। कई जगहों पर पेड़ों की बड़ी-बड़ी डालियां टूट गईं, जबकि हजारों की संख्या में आम जमीन पर बिखर गए। किसानों का कहना है कि तेज हवा इतनी जोरदार थी कि कुछ बागानों में छोटे पेड़ भी उखड़ गए। माचाडीहा गांव के किसान और पूर्व मुखिया प्रभाष हांसदा ने बताया कि उनके बागान में भी करीब 10 क्विंटल आम झड़ गए। बाजार में तत्काल खरीदार नहीं मिलने के कारण उन्हें कई लोगों के बीच मुफ्त में आम बांटना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन समय पर व्यवस्था करता तो किसानों को कुछ राहत मिल सकती थी। अब फसल बर्बाद होने से उनकी चिंता बढ़ गई है।

किसानों का कहना है कि इस बार मौसम अनुकूल रहने के कारण आम की पैदावार काफी अच्छी हुई थी और व्यापारियों से अच्छे दाम मिलने की उम्मीद थी। आंधी-तूफान के बाद प्रभावित किसानों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि सरकार राहत नहीं देती है तो उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी कृषि विभाग से प्रभावित गांवों का दौरा कर वास्तविक नुकसान का आकलन करने की मांग की है।

## रांची पुलिस के 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत 30 से अधिक अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची में अपराध नियंत्रण और फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाकर 30 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही 135 से अधिक लंबित वारंटों का भी निष्पादन किया गया है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक गौरव गोस्वामी ने किया। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक सघन छापेमारी कर फरार अपराधियों, वारंटियों और संदिग्धों को गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के दूसरे चरण में पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर कई ऐसे अपराधियों को पकड़ा, जो लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस को लगातार चकमा दे रहे थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :– 02/2026-27/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 27.05.2026

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0 / पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR/02/2026-27 | DMFT मद अंतर्गत प्रखंड मनिका पंचायत जान्हो ग्राम पटना में मईला नदी पर स्थित पुल का मरम्मति / जीर्णोद्वार। | 12.418 | रू0 बारह लाख एकतालीस हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 03 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 02.06.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 13.06.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 15.06.2026 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
7. लातेहार जिला अंतर्गत स्थानीय संवेदक / निविदादातों के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।
8. संवेदक पर जिलान्तर्गत किसी भी योजना का कार्य लंबित रहने पर उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
9. एक संवेदक को एक वित्तीय वर्ष में इस मद का एक ही कार्य आवंटित किया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 380948 (REO)26-27*D

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, लातेहार


## झारखंड में घुसपैठियों के लिए डिटेंशन सेंटर बनाए राज्य सरकार : प्रतुल शाहदेव

**एजेंसी। रांची**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार से झारखंड के सीमावर्ती जिलों में मुस्लिम घुसपैठियों के लिए तत्काल डिटेंशन सेंटर स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार की उदासीनता और तुष्टिकरण की नीतियों के कारण झारखंड घुसपैठियों के लिए "सेफ जोन" बनता जा रहा है। बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रतुल शाहदेव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा घुसपैठियों की पहचान और उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश प्रकाश प्रभात नवेलकर की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाना राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार यह स्पष्ट कर चुकी है कि देश की आंतरिक सुरक्षा और जनसांख्यिकीय संतुलन के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। शाहदेव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी माना है कि घुसपैठ का असर जनजातीय समाज की सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड के सीमावर्ती जिले पाकुड़, जामताड़ा, दुमका और साहिबगंज लंबे समय से बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या से प्रभावित रहे हैं। अब पश्चिम बंगाल में सख्त कार्रवाई की आशंका के बाद बड़ी संख्या में घुसपैठियों के झारखंड की ओर आने की संभावना बढ़ गई है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भी अवैध घुसपैठियों के लिए डिटेंशन सेंटर बनाने की बात कही है। ऐसे में झारखंड सरकार को भी इस गंभीर विषय पर तत्काल कदम उठाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि 1951 और 2011 की जनगणना के आंकड़ों की तुलना से संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासी आबादी में 16 प्रतिशत की कमी और मुस्लिम आबादी में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह बदलाव गंभीर चिंता का विषय है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। लेकिन हेमंत सरकार के "ढुलमुल रवैये" और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण घुसपैठियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने का संदेश जा रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की कि सीमावर्ती जिलों में तत्काल डिटेंशन सेंटर स्थापित किए जाएं तथा घुसपैठियों की पहचान के लिए विशेष सत्यापन अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि इंडियन फॉरेनर्स एक्ट की संबंधित धाराओं के अनुसार संदिग्ध विदेशी नागरिकों की पहचान और सत्यापन की जिम्मेदारी जिला दंडाधिकारी की होती है। इसलिए राज्य सरकार को सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी कर व्यापक जांच अभियान शुरू करना चाहिए। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि यह केवल कानून-व्यवस्था का मामला नहीं है, बल्कि झारखंड की सामाजिक संरचना, स्थानीय संसाधनों, रोजगार और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच लगातार आवाज उठाती रहेगी और अवैध घुसपैठ के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।

## वार्ड 49 में मणिटोला पुल के पास नया ट्रांसफार्मर लगने से मिली राहत

**एजेंसी। रांची**

राजधानी के वार्ड 49 में लंबे समय से ट्रांसफार्मर की कमी और लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान लोगों को बुधवार को बड़ी राहत मिली है।



बिजली विभाग से समन्वय कर मणिटोला पुल के पास नया 200 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाया। इसके साथ ही सरदार बाड़ी में जले हुए ट्रांसफार्मर को भी बदलवाया गया, जिससे आसपास के कई मुहल्लों में बिजली व्यवस्था में सुधार हुआ है। बढ़ती गर्मी के बीच क्षेत्र में लो-वोल्टेज और बिजली आपूर्ति बाधित रहने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि नए ट्रांसफार्मर लगने से अब बिजली आपूर्ति पहले की तुलना में बेहतर हुई है और लो-वोल्टेज की समस्या से काफी राहत मिली है। मौके पर पार्षद जमीला खातून ने कहा कि वार्ड 49 की जनता उनके परिवार की तरह है और क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले पूरे वार्ड में नालियों की युद्ध स्तर पर सफाई कराई जाएगी ताकि जलजमाव की समस्या न हो। साथ ही गली-मुहल्लों का सर्वे कर जर्जर सड़कों और नालियों के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी। मौके पर समाजसेवी रिजवान हुसैन, नईम आलम, इरफान कुरैशी, हाजी वली उल्लाह, मुन्ना भाई सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे।


**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR**
**PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT-TERM NOTICE)**

| Sl. | Ward No. | Reference No. | Scheme Name | Estimate Cost | Earnest Money (2% of Estimate Cost) | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शहरी परिवहन व्यवस्था मद | | | | | | | |
| 1 | 5 | UDD/NPB/34 /2026-27 | Construction of P.C.C. road fr om house of Billu Chaudhary to House of Vjay Chandravanshi in Ward -5 under BNP. | 835002.00 | 16700.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 2 | 5 | UDD/NPB/35 /2026-27 | Construction of P.C.C. road from house of Sanay Soni to Hoouse of Basant Ram in Ward -5 under BNP. | 687506.00 | 13750.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 3 | 9 | UDD/NPB/36 /2026-27 | Construction of PCC ROAD on kachcha road from Anganbadi to house of Shahdev Ram in ward 9 under BNP | 999472.00 | 19989.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 4 | 14 | UDD/NPB/37 /2026-27 | Construction of P.C.C. Road from Kabilasi Teen Muhan to Khutisot River in Ward 14 under BNP. | 997984.00 | 19960.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 5 | 11 | UDD/NPB/38 /2026-27 | Construction of P.C.C. road on kachcha road from Goderma road teen muhan to Dularua Aahar in Ward 11 under BNP. | 975836.00 | 19517.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 6 | 18 | UDD/NPB/39 /2026-27 | Construction of P.C.C. Road from Teen Muhan Chowk to house of Bharat Prasad in Ward -18 under BNP. | 751369.00 | 15027.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 7 | 19 | UDD/NPB/40 /2026-27 | Construction of P.C.C. Road from house of Ramji Bhuiya to Sarkari handpump via house of Brahmdev bhuiya and house of devnarayan bhuiya and house of Ramji bhuiya to main road in ward- 19 under BNP. | 642933.00 | 12859.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 8 | 18 | UDD/NPB/41 /2026-27 | Construction of P.C.C. road from Electric Pole to House of Banarshi Ram in Ward - 18 under BNP. | 631472.00 | 12629.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 9 | 12 | UDD/NPB/42 /2026-27 | Construction of P.C.C. Road from house of Nandu Ram to Munshi Ram In ward 12 under BNP | 578021.00 | 11560.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 10 | 13 | UDD/NPB/43 /2026-27 | Construction of Approach Road fr om main road and platform to Ward vikash kendra ward no 13 under BNP | 345441.00 | 6909.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 11 | 14 | UDD/NPB/44 /2026-27 | Construction of P.C.C. Road from teen muhan to house of Rajnath Ram in ward 14 under BNP | 323438.00 | 6469.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 12 | 9 | UDD/NPB/45 /2026-27 | Construction of PCC ROAD on kachcha road from Jal minar to house of Asarfi Ram AND from NH to Shivaksh restaurant in ward 9 under BNP | 321098.00 | 6422.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 13 | 5 | UDD/NPB/46 /2026-27 | Construction of P.C.C. road from house of Prmod Saw to babloo Chaudhary in Ward - 5 under BNP. | 158230.00 | 3165.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 14 | Date of Tender Publication | | | 29.05.2026, 11:00 AM | | | |
| 15 | Date of BOQ sale offline | | | 03.06.2026, 11:00 AM to 02:00 PM at Office of Nagar Parishad Bishrampur | | | |
| 16 | Last Date and Time of Offline Submission Of Bids | | | 05.06.2026, 11:00 AM to 02:00 PM at Police Station Bishrampur | | | |
| 17 | Date of Bid Opening | | | 05.06.2026, 03:00 PM at Office Nagar Parishad Bishrampur | | | |
| 18 | Name & Address of Office Inviting Tender | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 19 | Contact No. of Procurement Officer | | | 6370767832, 9123121713 | | | |
| 20 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | 06584 299971 | | | |

**NOTE: -** 1.Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.
2.For More Details on the Office Notice Board or https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Bishrampur.aspx

PR 380968 (District) 26-27 (D)

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद बिश्रामपुर

## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में पाकिस्तानी दुष्प्रचार से दंगे भड़काने की साजिश का खुलासा

**नोएडा, एजेंसी।** पाकिस्तानी हैंडलों द्वारा पुराने वीडियो का इस्तेमाल कर अशांति फैलाने की साजिश रची जा रही है। 10 मई को मेरठ में योगी सरकार की ओर से मस्जिदों को तोड़ने के झूठे वीडियो पोस्ट करने के बाद मंगलवार को काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के कार्यकर्ताओं को पीटने के झूठे वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किए गए। कीड़े-मकौड़े की तरह पीटना बताकर नोएडा पुलिस पर सवाल खड़े किए गए। मणिपुर, कश्मीर व खालिस्तान समर्थित लोगों की तरह आवाज दबाने वाला भी बताया गया। वीडियो व फोटो दिखाकर सीजेपी के प्रति संवेदना दिखाते हुए लोगों को दंगे भड़काने की साजिश में शामिल करना था। एक जैसे झूठे वीडियो को 22 मई की सुबह मणिपुर पोस्ट और 26 मई को काकरोच आर्मी नाम के एक्स अकाउंट से डाला गया। लोगों ने वीडियो को हाथोंहाथ लिया। मणिपुर पोस्ट के अकाउंट पर 27 हजार लोगों ने देखा। वहीं शुरूआती चार घंटे में सीजेपी अकाउंट पर 30 हजार लोगों ने देखा। 600 से ज्यादा लोगों ने रिपोस्ट किया। इस पर अपनी प्रतिक्रिया व संवेदना प्रकट की। पुलिस के खिलाफ मुंह छिपाती पुलिस, लाठी चार्ज करने वालों कार्रवाई की मांग आदि कमेंट किए। पेपर लीक आदि को लेकर सरकार को भी घेरा। पुलिस व जांच एजेंसियों की जांच में पता चला कि यह वीडियो मई 2026 के नहीं, बल्कि हाथरस रेप केस से जुड़े हैं। अक्टूबर 2020 में सपा कार्यकर्ताओं के लखनऊ हजरतगंज थाना क्षेत्र में प्रदर्शन के दौरान के हैं।

### पटौदी में 23 किलोमीटर सड़कों का जीर्णोद्धार और 4 नई सड़कों के निर्माण को मंजूरी

**पटौदी, एजेंसी।** पटौदी विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और कनेक्टिविटी को मजबूती मिलने वाली है। पटौदी क्षेत्र की विधायक बिमला चौधरी ने क्षेत्र की जर्जर हो चुकी मार्केटिंग बोर्ड की सड़कों के पुनर्निर्माण की मंजूरी दिलवा दी है वहीं चार अन्य नई सड़कों के निर्माण की भी मंजूरी दिलवा दी है। विधायक बिमला चौधरी ने बताया कि मार्केटिंग बोर्ड की राजपुरा से लुहारी, जाटौली से शेरपुर वाया मंदपुरा, डाडावास से हालियाकी वाया शेरपुर, राजपुरा से कारोला, महचाना से फरीदपुर, महचाना से खंडेवला, राजपुरा से जोनावास वाया मऊ की लगभग 23 किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए सरकार ने लगभग 5.78 करोड़ रुपये स्वीकृत कर दिए हैं। इसके अतिरिक्त महचाना श्मशान घाट से ढाणी महचाना और पचपीरा मंदिर पालड़ी से गांव की सीमा तक, जोनियावास से जाटोला तथा मंदपुरा से जटशाहपुर तक के कुल चार नए सड़क मार्गों के निर्माण के लिए 2.19 करोड़ रुपये मंजूर कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि इन सड़कों के टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं।

### मोदीनगर में सीकरी रोड पर जगह-जगह मिले मांस के टुकड़े

**मोदीनगर, एजेंसी।** गाजियाबाद के मोदीनगर में बुधवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब सीकरी रोड पर जगह-जगह मांस के टुकड़े मिलने की सूचना फैली। यह खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं दूसरी तरफ हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने इस मामले में हंगामा शुरू कर दिया है। हिंदू संगठनों का आरोप है कि ईद से पहले असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। जिस रास्ते पर मांस के टुकड़े मिलने की बात की जा रही है उसी रास्ते से होकर श्रद्धालु सीकरी माता मंदिर जाते हैं। सामाजिक सद्भाव को गंभीरता से लेते हुए पुलिस इस मामले में पूरी सतर्कतात बरतते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# शिंदे का 'मास्टरस्ट्रोक' या सियासी दांव? हितेंद्र ठाकुर संग बढ़ती नजदीकियों से ठाणे-पालघर की राजनीति गरमाई

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र की महायुति सरकार में शामिल बीजेपी और शिंदे शिवसेना के बीच राज्य में अपनी ताकत बढ़ाने के लिए शह और मात का खेल चल रहा है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने बीजेपी को मात देने के लिए वसई-विरार के बाहुबली नेता हितेंद्र ठाकुर से दोस्ती कर ली है। महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव 17 सीटों के चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही अपने-अपने सियासी समीकरणों को साधने में पूरी ताकत से जुट गए हैं।

सबसे बड़ी हलचल ठाणे और पालघर-वसई विरार की राजनीति में देखने को मिल रही है, जहां उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना एक बड़ा सरप्राइज गेम खेलने की तैयारी में है। रिपोर्ट यह भी है कि शिंदे से मिलने के लिए ठाकुर खुद ठाणे पहुंचे थे, पर उनसे मिले बिना शिंदे दिल्ली रवाना हो गए। इससे पहले बच्चू कडू ने भी एमएलसी बनने के बाद अपनी पार्टी प्रहार संगठन का शिवसेना में विलय कर दिया है।

राजनीतिक गलियारों में गर्म चर्चाओं के अनुसार, ठाणे विधान परिषद सीट से शिवसेना के मौजूदा नेता रवींद्र फाटक का पत्ता कट सकता है। उनकी जगह पालघर इलाके में मजबूत पकड़ रखने

## क्षितिज को उम्मीदवारी देने की तैयारी

वाली बहुजन विकास आघाडी नेता हितेंद्र ठाकुर के पुत्र व पूर्व विधायक क्षितिज ठाकुर को शिंदे




उम्मीदवार बना सकते हैं।

ऐसी रिपोर्ट है कि क्षितिज ठाकुर को एमएलसी की टिकट का ऑफर देने के बाद शिंदे ने बहुजन विकास आघाडी के मुखिया हितेंद्र ठाकुर को शिवसेना में विलय का भी ऑफर दिया है। ताकि आगामी चुनावों में वसई-विरार के अंदर शिवसेना की ताकत और बढ़ जाए। शिवसेना के इस संभावित सियासी दांव और विलय की खबरों के बीच हितेंद्र ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि घोड़ा मैदान नजदीक है, वक्त आने पर सभी को जवाब मिलेगा और करारा जवाब मिलेगा। ठाकुर ने यह भी साफ किया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी समेत कई दल फिलहाल उनके संपर्क में हैं। उन्होंने पुरजोर दावा किया कि मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में किंगमेकर यानी डिसाइडिंग फैक्टर सिर्फ और सिर्फ बहुजन विकास आघाडी ही है। वसई-विरार म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में बहुजन विकास अधाड़ी का कब्जा है। उनके पास अभी 71 कॉर्पोरेटर हैं। इस बार विधान परिषद चुनाव में यह संख्या बहुत अहम है। अगर बहुजन विकास आघाड़ी शिवसेना को सपोर्ट करती है या पार्टी में मर्ज हो जाती है, तो इसका सीधा और सबसे बड़ा फायदा शिवसेना कैंडिडेट होगा। शिंदे गुट के मंत्री उदय सामंत ने कहा कि इस बारे में अंतिम फैसला हमारे नेता शिंदे करेंगे। बविआ और शिवसेना के बीच गठबंधन और पार्टी विलय को लेकर चल रही चर्चाएं समाप्त हो गई हैं। ऐसी खबरें थीं कि हितेंद्र ठाकुर और एकनाथ शिंदे के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक होगी।

## धार्मिक भावनाओं को पहुंचाई ठेस', बंगाल में ममता बनर्जी के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि एक वकील की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा है। यह शिकायत 20 मई को वकील रिंकी चट्टोपाध्याय सिंह ने सिलीगुड़ी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने शुरू में मामला दर्ज करने से मना कर दिया था और बार-बार फॉलो-अप करने के बाद ही एफआईआर स्वीकार की गई।

शिकायतकर्ता के अनुसार, बनर्जी की दो टिप्पणियों ने पूरे भारत और दुनिया भर के लाखों सनातनी हिंदुओं की भावनाओं और आस्था को गहरी ठेस पहुंचाई थी। इनमें पहली 2025 में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान और दूसरी विधानसभा चुनावों से पहले धर्मतला में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान की गई।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वकील ने यह भी आरोप लगाया है कि ये बयान असंवैधानिक और भड़काऊ थे। शिकायतकर्ता ने कहा, 'बनर्जी ने कहा था कि अगर कोई खास समुदाय चाहे तो वह पांच मिनट के अंदर दूसरों को 'खत्म' कर सकता है। संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति से ऐसे बयानों की उम्मीद नहीं की जाती।'

### किन धाराओं में दर्ज हुई एफआईआर?

एफआईआर सेक्शन 351 (आपराधिक धमकी), 352



(शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना), 353 (गलत बयान फैलाना), 354 (ईश्वरीय नाराज़गी का डर दिखाकर धमकाना), 356 (आपराधिक मानहानि) और 299 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण काम करना) के तहत दर्ज की गई है। सिलीगुड़ी पुलिस कमिश्नरेट के एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने बताया, 'हमें शिकायत मिल गई है और प्रक्रिया के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच चल रही है और एफआईआर में बताए गए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।'

## केरल के पूर्व सीएम पिनाराई विजयन के खिलाफ ईडी का एक्शन, मनी लॉन्ड्रिंग केस में 10 ठिकानों पर रेड

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को ष्टस्क्रू मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के आवास समेत कई जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों के अनुसार, राज्य में कुल 10 परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत की है। जांच एजेंसी ने तिरुवनंतपुरम स्थित पिनराई विजयन के किराए के घर पर भी छापा मारा। मामले में आरोप है कोचिन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) ने 2018 से 2019 के बीच पिनराई विजयन की बेटी टी वीना की कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस को 1.72 करोड़ रुपये का अवैध भुगतान किया था। आरोप है कि आईटी कंपनी ने सीएमआरएल को कोई सेवा नहीं दी थी। मंगलवार को केरल हाई कोर्ट ने सीएमआरएल की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें कंपनी ने ईडी की कार्रवाई को रद्द करने की मांग की थी।



## ट्विशा केस में एसआईटी की किरकिरी, आधी-अधूरी केस डायरी पर सीबीआई की फटकार

**भोपाल।** नोएडा की ट्विशा शर्मा की भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बहुचर्चित मामले की जांच संभालते ही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य प्रदेश पुलिस की एसआईटी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। मंगलवार को सीबीआई ने मामले की जांच शुरू की और पहले ही दिन एसआईटी द्वारा सौंपी गई आधी-अधूरी और अव्यवस्थित केस डायरी देखकर सीबीआई अधिकारी बेहद नाराज हुए। सूत्रों के मुताबिक, केस डायरी में घटनाक्रम क्रमवार दर्ज नहीं था, दस्तावेज बेतरतीब तरीके से लगाए गए और कई महत्वपूर्ण




बिंदुओं का स्पष्ट उल्लेख भी नहीं किया गया। इस पर सीबीआई अधिकारियों ने मौके पर मौजूद एसआईटी सदस्यों को जमकर फटकार लगाई। बाद में एसआईटी प्रमुख एसीपी रजनीश कश्यप संशोधित केस डायरी और जरूरी दस्तावेज लेकर पहुंचे।

जांच की कड़ी में मंगलवार सुबह सीबीआई टीम सबसे पहले उस बंगले पर पहुंची, जहां त्विषा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। टीम ने कमरे, आसपास के हिस्सों और घटनास्थल से जुड़े हर पहलू का बारीकी से निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने घटनास्थल की परिस्थितियों को समझने के साथ वहां मौजूद भौतिक साक्ष्यों का भी परीक्षण किया। माना जा रहा है कि एजेंसी कई पुराने साक्ष्यों की दोबारा फारेंसिक जांच करा सकती है।

गिरिबाला सिंह से भी पूछताछ की जांच के दौरान सीबीआई अधिकारियों ने त्विषा की सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह से भी पूछताछ की। उनसे कई सवाल किए और उनके जवाब लिए। सूत्रों के अनुसार, उनसे परिवार के माहौल, त्विषा एवं समर्थ सिंह के वैवाहिक संबंधों और घटना से पहले की परिस्थितियों को लेकर सवाल किए गए। इसके बाद सीबीआई टीम लालघाटी स्थित थ्रीईएमइ सेंटर पहुंची, जहां त्विषा के माता-पिता और अन्य स्वजन ठहरे हुए हैं।

# मौसम की दोहरी मार: यूपी-बिहार में आंधी-बारिश बनी आफत, कई राज्यों में लू का प्रकोप; 16 लोगों की मौत

**लखनऊ, पटना, एजेंसी।** बिहार और उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश के चलते हुए हादसों में करीब 16 लोगों की मौत हो गई। तेज हवाओं, बिजली आपूर्ति ठप होने, पेड़ और पोल गिरने तथा फसलों के नुकसान से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बिहार के भागलपुर और आसपास के जिलों में सोमवार रात 110 किलोमीटर प्रतिघंटे तक की रफ्तार से चली हवा और वर्षा ने व्यापक तबाही मचाई। इससे हुए हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई। भागलपुर में 200 से अधिक स्थानों पर पेड़ गिर गए और 300 से अधिक बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे 23 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। कई इलाकों में पानी का संकट गहरा गया। केला, आम और लीची की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा।

जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के एचडीयू वार्ड की खिड़कियों के शीशे टूट गए और मरीजों को दूसरे वार्डों में शिफ्ट करना पड़ा। वार्ड में पानी भर गया, जिससे मरीजों, तीमारदारों, डॉक्टर व स्टाफ सहित अन्य लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मधेपुरा, दरभंगा और मधुबनी में भी तेज आंधी से मकान, स्कूल भवन और पेड़ क्षतिग्रस्त हुए। मौसम विभाग ने दक्षिण बिहार में बादल छाए रहने और सीमांचल क्षेत्र में आंधी-पानी की प्रबल संभावना जताई है।

उत्तर प्रदेश में भी आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। लखीमपुर, गोंडा, सीतापुर, बस्ती और संतकबीरनगर समेत विभिन्न जिलों में आठ लोगों की मौत हो गई। कई जगह टिनशेड उड़ गए। मकानों की दीवारें और स्कूलों की बाउंड्रीवाल गिर गईं। लखीमपुर के कारीबडेरी गांव में आंधी के दौरान लगी आग में 40 घर जल गए। बिजली पोल टूटने से कई गांव अंधेरे में डूब गए। गोंडा में रेल ट्रैक पर पेड़ गिरने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ और वंदे भारत एक्सप्रेस समेत कई



ट्रेनें रास्ते में खड़ी रहीं। दूसरी ओर प्रदेश के 30 जिलों में बुधवार को भी लू चलने की चेतावनी जारी की गई है।

छत्तीसगढ़ के दक्षिण और मध्य जिलों में मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। यहां 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा की संभावना जताई गई है। राजनांदगांव 46.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य में सबसे गर्म रहा।

**उत्तराखंड में हीट वेव का यलो अलर्ट जारी-** उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी रही, जिसके चलते हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा और ओलावृष्टि से कुछ राहत मिली है। मौसम विभाग ने 29 मई से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने मैदानी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं।

हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को चंबा में हल्की वर्षा हुई, जबकि अन्य क्षेत्रों में तेज धूप रही। ऊना में तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने 28 से 30 मई के बीच वर्षा, आंधी और ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

जम्मू समेत मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी से फिलहाल राहत के आसार नहीं हैं। कठुआ 43.6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य में सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग के अनुसार मई के अंत तक अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि, 28 और 29 मई को कुछ हिस्सों में तेज हवाओं और हल्की वर्षा की संभावना है।

पंजाब में बठिंडा 45.8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य में सबसे गर्म रहा। लुधियाना, पटियाला और अमृतसर में भी लू चली। मौसम विभाग ने 28 और 29 मई को 60 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी, हल्की वर्षा और ओलावृष्टि का आरेंज अलर्ट जारी किया है। चंडीगढ़ भी भीषण गर्मी की चपेट में है। अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए 28 मई के बाद तेज हवाओं और वर्षा से राहत मिलने की संभावना जताई है। राजस्थान में मंगलवार को गर्मी का प्रकोप जारी रहा। हालांकि, सीकर में बारिश और ओलावृष्टि हुई। कोटा 45.6 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ राज्य में सबसे गर्म रहा।

## भारत में इबोला की दस्तक! युगांडा से बेंगलुरु आई महिला में दिखे लक्षण, एयरपोर्ट पर आइसोलेशन में रखा गया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** इबोला वायरस ने दुनियाभर में अलर्ट जारी किया गया है। इन सब के बीच 23 मई को



केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंची 28 साल की एक युगांडा की महिला को एहतियात के तौर पर इंदिरा नगर के एपिडेमिक डिजीज हॉस्पिटल में आइसोलेट कर दिया गया है। उसके इबोला जांच के लिए सैंपल लिए गए। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ऋत्विक रंजनम पांडे के अनुसार, महिला में बुखार जैसे कोई साफ लक्षण नहीं दिखे थे। उन्होंने कहा, 'हमें अभी भी (उसके लक्षणों के बारे में) पक्का पता नहीं है। एयरपोर्ट हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने थकान जैसे कुछ लक्षण देखे और सैंपल लेने का फैसला किया।' सैंपल जांच के लिए पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि युगांडा से आने के बाद महिला ने शुरू में एक होटल में चेक-इन किया था, लेकिन बाद में शरीर में दर्द जैसे हल्के लक्षण दिखने पर उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल उसकी हालत स्थिर है और उस पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रोटोकॉल के अनुसार एक बार फिर से टेस्ट किया जाएगा। फिलहाल ह्वढ्ढङ्क पुणे से आने वाली पहली रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### दुनियाभर में बढ़ी चिंता

यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब अफ्रीका के कुछ हिस्सों में इबोला फैलने को लेकर दुनिया भर में चिंता बढ़ गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 17 मई को डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और युगांडा में इबोला के बढ़ते मामलों को 'अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' घोषित किया था। इस अलर्ट के बाद कर्नाटक के स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को एक एडवाइजरी जारी की, जिसमें इबोला प्रभावित देशों से लौटने वाले लोगों से कहा गया है कि वे भारत आने के बाद 21 दिनों तक खुद पर नजर रखें और अपने स्वास्थ्य की जांच करते रहें।

## एसआईआर बीएलओ 15 जून से घर-घर सत्यापन करेंगे, 22 सितंबर को होगी अंतिम सूची प्रकाशित

**फरीदाबाद, एजेंसी।** जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष सिन्हा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्य विशेष अभियान के लिए पहली जुलाई अर्हता तिथि निर्धारित की है। पांच जून से 14 जून तक मतदाता सूची की तैयारी, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा जरूरी दस्तावेज की छपाई का कार्य किया जाएगा। इसके बाद 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। साथ ही 14 जुलाई तक मतदान केंद्रों का युक्तिकरण (रैशनलाइजेशन) भी पूरा कर लिया जाएगा। उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावों एवं आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 21 जुलाई से 18 सितंबर तक चलेगी। इसके पश्चात 22 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना तय करें।

## वह अब हिमालय का हिस्सा', एवरेस्ट पर ही रहेगा हैदराबाद के पर्वतारोही का शव

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद के 53 वर्षीय पर्वतारोही और टेक प्रोफेशनल अरुण कुमार तिवारी के परिवार ने फैसला किया है कि उनका शव माउंट एवरेस्ट पर ही रहने दिया जाएगा। अरुण तिवारी की पिछले हफ्ते एवरेस्ट से उतरते समय हिलेरी स्टेप के पास मौत हो गई थी। परिवार ने कहा कि यह फैसला सिर्फ पैसों की वजह से नहीं लिया गया, बल्कि उनकी धार्मिक आस्था, हिमालय के प्रति अरुण तिवारी के प्रेम और शव को वापस लाने की बेहद कठिन प्रक्रिया को देखते हुए लिया गया है। जिस जगह उनकी मौत हुई, उसे 'डेथ जोन' कहा जाता है, जहां से शव लाना बेहद जोखिम भरा माना जाता है। भारतीय टीम का संचालन करने वाली पायनियर एडवेंचर ने पहले शव को 8000 मीटर से अधिक ऊंचाई से नीचे लाने के लिए 1.14 लाख डॉलर यानी करीब 1.1 करोड़ रुपये का खर्च बताया था। बाद में इसे घटाकर 94 हजार डॉलर यानी करीब 89.7 लाख रुपये किया गया। कंपनी के मालिक निवेश कार्की ने कहा कि शव लाना एवरेस्ट फतह



करने से भी ज्यादा खतरनाक काम होता है। निवेश कार्की के अनुसार, कैंप-4 से अंतिम चढ़ाई शुरू करने के बाद अरुण तिवारी बेहद थक गए थे। उनके निजी शेरपा गाइड ने उन्हें वापस लौटने की सलाह दी थी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। कार्की ने बताया कि अरुण तिवारी ने कहा था कि जब शिखर इतना करीब और साफ दिखाई दे रहा है, तब वह अपना सपना अधूरा नहीं छोड़ सकते। उन्होंने आखिरकार एवरेस्ट फतह कर लिया, लेकिन नीचे उतरते समय हिलेरी स्टेप के पास उन्हें खून की उल्टी होने लगी। शेरपाओं ने अतिरिक्त ऑक्सीजन देकर उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन मौके पर ही उनकी मौत हो गई। अरुण तिवारी भारतीय अभियान दल का हिस्सा थे, जिसमें 46 वर्षीय संदीप अरे भी शामिल थे। संदीप अरे की भी एवरेस्ट से उतरते समय मौत हुई थी, लेकिन उनका शव नीचे लाया जा सका क्योंकि उनकी मौत कम ऊंचाई पर हुई थी। अरुण तिवारी अपने पीछे पत्नी और दो बेटियों को छोड़ गए हैं। उन्होंने 2025 में भी एवरेस्ट चढ़ने की कोशिश की थी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

## संपादकीय

## 2026 में भारत के सामने बढ़ सकती हैं आर्थिक चुनौतियां

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट में भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान में कटौती कर दी गई है।इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद जिस स्तर पर वैश्विक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हुई, उसका प्रभाव दुनिया के ज्यादातर देशों पर पड़ा है। भारत में भी आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने की वजह से कई स्तर पर झटके लगे हैं, जिसका सीधा असर देश की आर्थिक संरचना पर पड़ा है। इसके बावजूद भारत ने अपने स्तर पर हालात से निपटने की कोशिश की है और यही वजह है कि आने वाले दिनों की चुनौतियों के समांतर कुछ सकारात्मक संकेत अब भी कायम हैं।वैश्विक स्तर पर ज्यादातर देशों को लगे आर्थिक झटकों के असर का दायरा अब भी फैल रहा है और शायद संयुक्त राष्ट्र की ओर से इन्हीं वजहों से भारत की विकास दर प्रभावित होने की आशंका जाहिर की गई है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट में भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान में कटौती कर दी गई है। इसके मुताबिक, वर्ष 2026 में भारत की विकास दर 6.6 प्रतिशत से घटकर 6.4 प्रतिशत हो सकती है।निश्चित तौर पर यह भारत के लिए एक चुनौती भरा वक्त साबित हो सकता है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने जिस तरह विकास दर में इस अनुमानित संशोधन के बावजूद भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में एक बने रहने का आकलन पेश किया है, उससे एक उम्मीद भी पैदा होती है। दरअसल, पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद जैसी स्थितियां पैदा हुई, उसका असर इस रूप में आने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। सच यह है कि न केवल भारत, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अप्रत्याशित साबित हो रहे संकट का दायरा और भी विस्तृत हो सकता है, क्योंकि 2026 के लिए वैश्विक जीडीपी वृद्धि का अनुमान भी महज 2.5 प्रतिशत आंका गया है।यह छिपा नहीं है कि दुनिया के ज्यादातर प्रभावित देशों में इसकी वजह से विकास की रफ्तार धीमी हुई है और सभी जगहों पर महंगाई का दबाव तेजी से बढ़ा है। आम लोगों की क्रयशक्ति कमजोर होने का सीधा असर बाजार पर पड़ता है और उसका सिरा आगे उत्पादन क्षेत्र तक भी जाता है। ऐसे में इससे निपटने के लिए नीति-निर्माण के मामले में विकल्प कम होते जाते हैं।हालांकि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा कीमतों में उछाल और व्यापारिक अनिश्चितता का प्रत्यक्ष प्रभाव भारत समेत कई अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है। खासतौर पर ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध से उपजे हालात में तेल आयात पर निर्भर कंट्रीज की चिंताएं बढ़ी हैं। सच यह है कि जिस तरह ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया, उसकी वजह से अन्य देशों के साथ-साथ भारत को भी इसका बड़ा खमियाजा उठाना पड़ा है।यों भारत ने इसका विकल्प निकालने की कोशिश की है और तेल आयात के लिए अन्य कुछ देशों के साथ कूटनीतिक संवाद कायम किया है, लेकिन फिलहाल बाधित आपूर्ति श्रृंखला की वजह से अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। ऐसे में ऊर्जा आयात के क्षेत्र में बढ़ती लागत और वित्तीय स्थितियों पर लगातार बढ़ते दबाव की वजह से अगर भारत की विकास दर भी चुनौतियों के बीच है, तो यह एक स्वाभाविक स्थिति है। मगर इसका सामना करना इस बात पर निर्भर है कि सरकार नए विकल्पों को लेकर कितनी स्पष्ट है और कितनी इच्छाशक्ति के साथ पहल करती है।

*भारत जैसे बहुलतावादी देश में यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं कही जा सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारतीय राजनीति में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व का विमर्श अधिक प्रभावी होकर उभरा है। राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक, सांस्कृतिक धरोहरों के पुनरुत्थान जैसे विषयों ने एक बड़े वर्ग में सांस्कृतिक आत्मविश्वास को मजबूत किया है।*

## राजनीति सनातन विरोध की बजाय आममुद्दों पर केंद्रित हो

(ललित गर्ग)

यह भी सत्य है कि अनेक विपक्षी दल स्वयं को सनातन विरोधी नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के विरोधी बताते हैं। उनका तर्क है कि वे सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की बात करते हैं। यह दृष्टि लोकतंत्र में स्वीकार्य है, क्योंकि हर परंपरा में आत्मसमीक्षा और सुधार की आवश्यकता होती है। भारतीय राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में एक ऐसा विमर्श लगातार उभर रहा है, जिसने राजनीतिक बहस को विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे मूल प्रश्नों से हटाकर धार्मिक पहचान और आस्था के इर्द-गिर्द खड़ा कर दिया है। यह विमर्श है-सनातन समर्थन बनाम सनातन विरोध। आज देश में एक ओर सनातन संस्कृति को भारतीय जीवन का शाश्वत आधार मानने वाली शक्तियां हैं, तो दूसरी ओर कुछ राजनीतिक वक्तव्य और प्रवृत्तियां ऐसी दिखती हैं जिन्हें जनमानस सनातन विरोध के रूप में देखता है। प्रश्न यह नहीं कि किसी विचारधारा से सहमति या असहमति क्यों है, बल्कि प्रश्न यह है कि क्या राजनीति का केंद्र धर्म होना चाहिए या जनजीवन के वास्तविक मुद्दे? भारत का लोकतंत्र धर्मनिरपेक्ष संविधान पर आधारित है, जहां राज्य का कार्य किसी धर्म का पक्ष या विरोध नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। राजनीतिक दलों का दायित्व भी यही होना चाहिए कि वे जनता की समस्याओं, विकास और राष्ट्रीय एकता को प्राथमिकता दें। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में धार्मिक विमर्श राजनीति का बड़ा केंद्र बन गया है। सनातन केवल एक धार्मिक शब्द नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की सांस्कृतिक चेतना, जीवन-दर्शन और मूल्य परंपरा का प्रतीक है। सत्यं वद, धर्मं चर, वसुधैव कुटुम्बकम्, सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे सूत्र इसी सनातन दृष्टि के अंग हैं। इसलिए जब कोई राजनीतिक वक्तव्य सनातन को लेकर अपमानजनक या आक्रामक भाषा का उपयोग करता है, तो उसका प्रभाव केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक स्तर पर भी पड़ता है। तमिलनाडु में द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना बीमारी से करने वाला वक्तव्य इसी कारण व्यापक विवाद का कारण बना। विपक्ष के अनेक दलों ने उससे दूरी बनाने का प्रयास किया, क्योंकि यह स्पष्ट था कि भारत जैसे देश में करोड़ों लोगों की आस्था को आहत करने वाला कथन राजनीतिक रूप से भी असहज स्थिति उत्पन्न करेगा। यहां यह समझना आवश्यक है कि द्रविड़ आंदोलन की अपनी ऐतिहासिक और सामाजिक पृष्ठभूमि रही है। उसका मूल संघर्ष सामाजिक विषमताओं और जातीय वर्चस्व के विरुद्ध था। लेकिन जब सामाजिक सुधार का विमर्श पूरे धर्म या संस्कृति के विरोध जैसा प्रतीत होने लगे, तब वह जनस्वीकृति खो देता है। यह भी सत्य है कि अनेक विपक्षी दल स्वयं को सनातन विरोधी नहीं, बल्कि सामाजिक कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के विरोधी बताते हैं। उनका तर्क है कि वे सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की बात करते हैं। यह दृष्टि लोकतंत्र में स्वीकार्य है, क्योंकि हर परंपरा में आत्मसमीक्षा और सुधार की आवश्यकता होती है। स्वयं भारतीय दर्शन में भी संवाद, बहस और आत्मचिंतन की परंपरा रही है। बुद्ध, महावीर, कबीर, नानक, दयानंद और गांधी-सभी ने समाज की विसंगतियों पर प्रश्न उठाए, लेकिन उन्होंने समाज को तोड़ने नहीं, सुधारने का मार्ग चुना। समस्या तब उत्पन्न होती है जब राजनीतिक भाषा संतुलन खो देती है। जब आलोचना सुधार की जगह अस्वीकार की भाषा बन जाती है, तब वह समाज में ध्रुवीकरण को जन्म देती है। भारत जैसे बहुलतावादी देश में यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं कही जा सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारतीय राजनीति में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व का विमर्श अधिक प्रभावी होकर उभरा है। राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक, सांस्कृतिक धरोहरों के पुनरुत्थान जैसे विषयों ने एक बड़े वर्ग में सांस्कृतिक आत्मविश्वास को मजबूत किया है। इससे भारतीय जनता पार्टी को राजनीतिक लाभ भी मिला। दूसरी ओर विपक्षी दल इस बदलते राजनीतिक मानस को समझने में कई बार असहज दिखाई दिए। कहीं उन्होंने धर्मनिरपेक्षता और आस्था के बीच संतुलन बनाने में चूक की, तो कहीं उनके कुछ नेताओं के बयान उन्हें कठिन स्थिति में ले आए। उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल तक चुनावी राजनीति में यह देखा गया कि केवल जातीय समीकरण या पारंपरिक वोट बैंक अब पर्याप्त नहीं हैं। जनता सांस्कृतिक पहचान, विकास और राष्ट्रीय विमर्श को भी महत्व देने लगी है। ऐसे में यदि कोई दल हिंदू आस्था के प्रति असंवेदनशील दिखता है, तो उसका राजनीतिक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन इस पूरे विमर्श का दूसरा पक्ष भी है। क्या राजनीति का उद्देश्य केवल धार्मिक पहचान के आधार पर समर्थन जुटाना होना चाहिए? क्या देश के सामने मौजूद बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कृषि संकट, आर्थिक असमानता और सामाजिक विघटन जैसे प्रश्न पीछे छूट जाने चाहिए? यह चिंता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। भारतीय राजनीति में पिछले कुछ वर्षों के दौरान धर्म, विशेषकर सनातन और हिंदू आस्था को लेकर कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस, द्रमूक आदि विपक्षी दलों एवं उनके कुछ नेताओं द्वारा दिए गए बयानों को व्यापक जनसमुदाय ने सनातन पर आक्षेप या हिंदू भावनाओं के प्रति असंवेदनशीलता के रूप में देखा, जिसके राजनीतिक प्रभाव भी दिखाई दिए। किंतु इस विषय को केवल हिंदू विरोध बनाम राजनीतिक विरोध के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। भारत एक लोकतांत्रिक और बहुलतावादी राष्ट्र है, जहां किसी भी राजनीतिक दल को सरकार, नीतियों या नेतृत्व का विरोध करने का अधिकार है, लेकिन यदि वह विरोध आस्था, संस्कृति और बहुसंख्यक समाज की भावनाओं से टकराता हुआ प्रतीत हो, तो उसका राजनीतिक मूल्य चुकाना पड़ सकता है। यही कारण है कि कई दलों के लिए यह धारणा चुनौती बनी कि वे सत्ता-विरोध की राजनीति करते-करते सांस्कृतिक और धार्मिक संवेदनाओं से दूर हो गए हैं। भारत में सनातन केवल धार्मिक पहचान नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन, परंपरा, संस्कृति, सहिष्णुता और सभ्यता का प्रतीक माना जाता है, इसलिए उसके प्रति असावधान भाषा या नकारात्मक संकेत जनमानस में प्रतिकूल प्रतिक्रिया उत्पन्न करते रहे हैं। दूसरी ओर लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा यह भी अपेक्षा करती है कि राजनीतिक विमर्श व्यक्तियों, नीतियों और शासन के मुद्दों पर केंद्रित रहे, न कि धार्मिक ध्रूवीकरण पर। राजनीतिक दलों के लिए यह आवश्यक है कि वे मतभेद रखें, आलोचना करें, लेकिन भारतीय समाज की सांस्कृतिक चेतना, धार्मिक संवेदनशीलता और आस्था के सम्मान का संतुलन बनाए रखें, क्योंकि जनता अंततः उसी नेतृत्व को स्वीकार करती है जो उसकी भावनाओं, परंपराओं और राष्ट्रीय मानस को समझने का प्रयास करता है। भारत की राजनीति को धर्म बनाम धर्म की लड़ाई से ऊपर उठकर जन बनाम जनसमस्या के विमर्श की ओर बढ़ना होगा। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि जनता मंदिर भी चाहती है और रोजगार भी, आस्था भी चाहती है।

## बिहार की राजनीति के वर्तमान व भविष्य की 'सियासी धुरी' बन चुके हैं सीएम सम्राट चौधरी

(कमलेश पांडे)

सामाजिक समीकरणों में मजबूत पकड़- बिहार की राजनीति के भाजपाई नव चाणक्य सम्राट चौधरी का सबसे बड़ा राजनीतिक बल उनका व्यापक सामाजिक आधार माना जाता है। चूंकि वे पिछड़े वर्ग, विशेषकर कुशवाहा-कोइरी यानी लव कुश समाज या त्रिवेणी संघ से आते हैं, जो बिहार की राजनीति में निर्णायक प्रभाव रखता है। बिहार की राजनीति में जुझारू युवा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को केवल सुलझते हुए वर्तमान का एक नेता ही नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीतिक धुरी के रूप में देखने वालों की संख्या पिछले 5 वर्षों में तेजी से बढ़ती ही जा रही है और यह सिलसिला निरंतर आगे भी चलता रहेगा। ऐसा इसलिए कि उनके पीछे कई राजनीतिक, सामाजिक और संगठनात्मक कारण सक्रिय हैं, जो उन्हें राजनीतिक रूप से अजेय बनाते हैं। आइए इन्हें समझते हैं विस्तार से- पहला, बिहार में भाजपा के भीष्म पितामह कैलाशपति मिश्रा के संजोए हुए सपनों को पूरा करते हुए पार्टी के पहले मुख्यमंत्री बनने का ऐतिहासिक महत्व है। निःसन्देह साल 2026 में सम्राट चौधरी का बिहार का मुख्यमंत्री बनना भाजपा के लिए ऐतिहासिक मोड़ माना गया, क्योंकि पहली बार बिहार में भाजपा ने मुख्यमंत्री पद अपने हाथ में लिया। इससे प्रदेशवासियों में यह संदेश गया कि भाजपा अब बिहार में जूनियर पार्टनर नहीं रहना चाहती बल्कि पार्टी ने बिहार में अपना सूझबूझ युक्त स्वतंत्र नेतृत्व स्थापित कर दिया। पार्टी मामलों के जानकारों की मानें तो अब सम्राट चौधरी को केवल अंतरिम चेहरा नहीं, बल्कि दीर्घकालिक नेतृत्व के मोहरे के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जो ओबीसी सियासत के लिए सौभाग्य की बात है। चूंकि उनमें सामाजिक न्याय के सूत्रधार लालू प्रसाद वाली हाजिर जवाबी, सुशासन बाबू नीतीश कुमार वाली सियासी चतुराई के अलावा सद्भावी कैलाशपति मिश्रा वाली सूझबूझ भी भरी हुई है जिससे हरेक जाति-धर्म के लोगों में उनकी स्वीकार्यता दिनप्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। दूसरा, सामाजिक समीकरणों में मजबूत पकड़- बिहार की राजनीति के भाजपाई नव चाणक्य सम्राट चौधरी का सबसे बड़ा राजनीतिक बल उनका व्यापक सामाजिक आधार माना जाता है। चूंकि वे पिछड़े वर्ग, विशेषकर कुशवाहा-कोइरी यानी लव कुश समाज या त्रिवेणी संघ से आते हैं, जो बिहार की राजनीति में निर्णायक प्रभाव रखता है। इससे भाजपा को लालू प्रसाद/नीतीश कुमार के सामाजिक न्याय के बीच यादव बनाम गैर-यादव ओबीसी राजनीति में बढ़त मिली ही, साथ ही ग्रामीण वोटबैंक में विस्तार आया, और मंडल राजनीति का नया जवाब देने का अवसर मिला। चूंकि भाजपा लंबे समय से बिहार में एक ऐसा चेहरा खोज रही थी जो हिंदुत्व, ओबीसी राजनीति, और संगठनात्मक निष्ठा तीनों को एक साथ लेकर चल सके। लिहाजा सम्राट चौधरी उस समीकरण में फिट बैठते दिखे। उनकी सबसे बड़ी ताकत यह है कि राजपूत, भूमिहार, ब्राह्मण, वैश्य, दलितों के साथ-साथ प्रगतिशील यादवों पर भी पूरी पकड़ है, जिसका फायदा भाजपा नीत एनडीए को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में उन्होंने दिलवाया और पुरस्कार स्वरूप पहले गृहमंत्री, फिर मुख्यमंत्री बने।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6105

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6104

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन सामान्य रहेगा। लेनदेन से संबंधित किसी योजना में आपको बहुत सावधानी बरतनी होगी। अगर किसी को पैसा उधार देने वाले हैं तो इससे आपको बचना होगा। संतान किसी चीज को लेकर डिमांड कर सकती है। राजनीति में कार्यरत लोगों के कामों में कुछ कमियां आ सकती है, इसलिए आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाए रखें।

### वृष
आज का दिन आपके लिए सूझबूझ आगे काम करने की सलाह दे रहा है। आप धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। परोपकारों के काम में आपकी रुचि बढ़ेगी। किसी काम को पूरा करने में आपको पिताजी की हेल्प मिल सकती है। जल्दबाजी में किसी काम को करने से आपको बचना होगा। घर पर मेहमान आ सकते हैं।

### कर्क
आज का दिन काम में अड़चने ला सकता है। संतान की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में गलती करने से आपको बचना होगा वरना आपको नुकसान झेलना पड़ सकता है। परिवार में चल रहे विवाद परेशान कर सकते हैं। आप यदि परिवार में किसी सदस्य के करियर को लेकर कोई निर्णय लेने में जल्दबाजी से बचें।

### सिंह
आज का दिन आय और खर्च से जुड़ी परेशानियों के कारण तनावपूर्ण रह सकता है। इसका असर आपके कामकाज पर भी पड़ेगा और मन अशांत बना रहेगा। मानसिक उलझन और बेचैनी महसूस हो सकती है। हालांकि, आपको अपनी आमदनी बढ़ाने के प्रयास तेज करने होंगे, तभी आप अपने रोजमर्रा के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे।

### मिथुन
आज का दिन प्रसन्नता दिलाएगा। जीवनसाथी की किसी आदत को लेकर आप जरूर परेशान होना पड़ सकता है। इससे आपका विवाद बढ़ सकता है। भाई व बहनों का पूरा साथ मिलेगा। योग व व्यायाम से आप दिनचर्या में अपनाकर बीमारियों से छुटकारा मिलेगा।

### कन्या
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और आप नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। आत्मविश्वास बनाए रखें और अहंकार से बचें। किसी जरूरी काम से अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है।

### तुला
आज का दिन आपको विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य रखने की सलाह दी जा रही है। संतान कोई गलती कर सकता है तो ऐसी स्थिति में आपको उसकी उनकी संगति पर ध्यान देने की जरूरत है। यदि आप लव लाइफ में हैं तो आपको परिवार के सदस्यों का सहयोग मिल सकता है। साझेदारी में कर रहे काम में आपको लाभ हो सकता है।

### वृश्चिक
आज का दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। आप मन से लोगों का भला सोचेंगे लेकिन लोग इसे स्वार्थ समझेंगे। आपकी अच्छी सोच का लोग लाभ उठाएंगे। आपको किसभी भी तरह से तनाव को अपने पर हावी नहीं होने देना है। आपको कुछ मौसमी बीमारियां से आपको बचना होगा। वरना आप परेशान हो सकते हैं। यदि आप लव लाइफ में हैं।

### मकर
आज का दिन जल्दबाजी करने से बचने की सलाह दे रहा है। काम में जल्दबाजी आपको नुकसान करा सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके द्वारा बॉस को दी गई सलाह खूब पसंद आएगी। काम में समस्या आ सकती है। विदेश जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में कुछ परेशानी आ सकती है। इसे अपने अध्यापकों की मदद से आसानी से दूर कर सकते हैं।

### कुंभ
आज दिन तरक्की के नए रास्ते खोलने वाला रहेगा। आप अपने कामों को तेजी से आगे बढ़ाएंगे और लंबे समय से चल रही परेशानियों से राहत मिल सकती है। कारोबार में आ रही दिक्कतें दूर होंगी। वाहन खरीदने की योजना बना सकते हैं। कोई नया विचार आए तो उसे तुरंत अमल में लाने की कोशिश करें।दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे, लेकिन किसी के बहकावे में आकर विवाद से दूर रहें।

### धनु
आज का दिन कार्यक्षेत्र में बॉस से बहसबाजी में करा सकता है। इसलिए सतर्क रहें आपका प्रमोशन अटक सकता है। खानपान में सतर्क रहें। आपको अत्यधिक ज्यादा तले भुने भोजन से परहेज रखना होगा। सामाजिक क्षेत्र में यदि आप लगे हैं तो आपका काम प्रभावित हो सकता है। आपको अच्छे पद की प्राप्ति होगी। किसी काम में भाइयों की मदद मिलेगी।

### मीन
बुधवार का दिन आपके लिए कुछ उलझनों भरा हो सकता है। संतान के करियर को लेकर आप परेशान रहेंगे। इस पर कोई महत्वपूर्ण फैसला आपको लेना होगा। यदि आप व्यापारी हैं तो आपको किसी काम के सिलसिले में घर से दूर जाना पड़ सकता है। व्यापारियों बिजनेस में किसी बदलाव को लेकर सोच विचार कर सकते हैं। विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाना होगा।

### वर्ग पहेली 6105

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | | | 8 | | | |
| | | 9 | | | | 10 | |
| 11 | 12 | | | | 13 | | |
| 14 | | | 15 | 16 | | | |
| 17 | | | 18 | | | | 19 |
| 20 | | | | | 21 | 22 | |
| | | 23 | | | | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1988 को इस देश की संविधान सभा ने संविधन को मंजूदी दी (3)
4. निद्रा को जीत लेने के कारण पांडपुत्र अर्जुन का एक नाम (4)
7. जिसका कोई स्वामी हो (3)
8. रहस्योक्ति, बतौर नायक सत्यजीत की पहली फिल्म (1977)(2)
10. कच्चे आम या इमली आदि से बनाया गया खट्ठा-मीठा पदार्थ (2)
11. कसम, सौगंध, हलफ (3)
13. हिंदू सम्प्रदाय में विवाह की एक रस्म (3)
14. गुणित, प्रहारित, पिटा (2)
15. यह छत्रपति शिवाजी का शस्त्र है, खड्ग (4)
17. सूजी, अत्यंत महीन कण (2)
18. पुराणानुसार यह इंद्र का सारथि था (3)
20. मित्र, दोस्त, सखा, उपपति (2)
21. परस्पर निर्वाह, गुजारा, बसर (3)
23. धनपति, मालदार, जिसके पास अपार संपत्ति हो, धनाढ्य (3)
24. संगीत में स्वर का विस्तार, खींच, स्वर भंगिमा, आलाप (2)

**ऊपर से नीचे**
1. तीतल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. जीवित रहना, जिंदा रहना (2)
3. सराबोर, कीचड़ आदि शरीर पर लगा हुआ (4)
4. क्रिकेट में गेंदबाजी की एक तकनीक (3)
5. वृक्ष की शाखा, अवपातन (2)
6. बिस्मिल्लाखां नाम इस वाद्य के साथ जुड़ा है (4)
10. वेतन, तनख्वाह (3)
11. प्रसिद्ध फिल्मी शायर अखलाक मुहम्मद खान का यह उपनाम है (5)
12. चप्पू, क्षेपणी, हथवांस (4)
13. प्रश्नवाचक (उर्दू)(4)
15. तमाशा देखने वाले, कौतुकदर्शी (4)
16. दुर्व्यसन, बुरी आदत (2)
19. खनिकर्म, खोदने की क्रिया (3)
22. गंतव्य स्थान, संज्ञात, मुकाम (2)

### वर्ग पहेली 6104 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | र | ला | ग्रे | वा | ल | | क |
| र | | ज | ने | त | | क | टि |
| स्व | र | | ड | च | | ल | ब |
| ती | ज | | | क्र | म | ब | द्ध |
| | त | ह | | | त | ल | |
| | ज | या | प्र | दा | | | भू |
| ज | यं | त | | खि | द | म | त |
| पा | ती | | स | ला | म | | ल |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

खेल में विकास के बावजूद

# देश में हर एथलीट को मिलने वाले सम्मान में अंतर: हरमिलन बैंस

चंडीगढ़। एथलीट हरमिलन बैंस का मानना ??है कि भारतीय खेलों में तेजी से सुधार हो रहा है, लेकिन उन्होंने यह भी बताया कि देश में बढ़ते सपोर्ट के बावजूद, सभी एथलीटों के लिए मौके और इनाम एक जैसे नहीं हैं। बैंस ने कहा कि खेल करियर के मौके तो दे सकते हैं, लेकिन सिस्टम सभी एथलीटों के साथ एक जैसा बर्ताव नहीं करता। एशियन गेम्स में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतने वाली भारतीय मिडिल-डिस्टेंस रनर हरमिलन बैंस ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'कुछ एथलीट सफल हो जाते हैं, जबकि दूसरे अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उस स्तर की नौकरी नहीं ले पाते। अगर हम आज के पदक विजेताओं की तुलना पिछली पीढ़ियों के एथलीटों से करें, तो अब हर किसी के लिए स्थिति एक जैसी नहीं है।' हरमिलन ने कहा, 'पहले, बड़े इवेंट्स में पदक जीतने वाले एथलीटों को अक्सरल डीएसपी जैसे ऊंचे सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति मिल जाती थी। मौके आज भी हैं, लेकिन पहले के मुकाबले वे काफी कम हो गए हैं। '



हरमिलन ने टीम इवेंट्स में पहचान में अंतर की ओर इशारा किया। रोइंग पदक जीतने वालों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एथलीट निराश हो सकते हैं जब टीम के साथी, जो उतनी ही मेहनत करते हैं, उन्हें अलग-अलग इनाम राशि मिलती है।

एथलीट ने मॉडर्न स्पोर्ट्स में रिकवरी और न्यूट्रिशन की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया, 'प्रशिक्षण के बाद रिकवरी सबसे जरूरी हिस्सों में से एक है क्योंकि इससे यह तय होता है कि आप अपने अगले सेशन में कितना अच्छा परफॉर्म कर सकते हैं। इसलिए ऐसा खाना, जो शरीर को पोषण दे, बहुत जरूरी है। '

भारतीय खेल के विकास में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) जैसे संस्थानों की भूमिका को हरमिलन ने अहम माना।

उन्होंने कहा, 'भारत निश्चित रूप से आगे बढ़ रहा है क्योंकि अब कई अच्छे प्लेटफॉर्म बन रहे हैं। साई युवा एथलीटों के लिए एक बेहतरीन मंच है, लेकिन बच्चों को अभी भी नहीं पता कि उस स्तर तक कैसे पहुंचा जाए। इस कमी को पूरा करने के लिए छोटी एकेडमी बहुत जरूरी हैं। '

हरमिलन ने गुरिंदरवीर सिंह की हालिया सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि सीमित सुविधाओं के साथ उन्होंने जो हासिल किया है, वह शानदार है।

खेलों में अपने सफर पर हरमिलन ने कहा, 'मेरा सफर मेरे जन्म से भी पहले शुरू हो गया था। मेरे माता-पिता ने खेल से मेरा परिचय तब कराया जब मैं बहुत छोटी थी। मैं इसे लगभग दस सालों से प्रोफेशनली कर रही हूं, लेकिन अगर मैं शुरू से गिनूं, तो खेल पिछले लगभग 22 वर्ष से मेरी जिंदगी का हिस्सा रहा है। खेल ने मेरी जिंदगी को काफी बदल दिया है। '

अपने आगे के कार्यक्रम पर हरमिलन ने कहा, 'मेरा मुख्य फोकस आने वाले सीजन के लिए फिट रहने पर है। आगामी सभी टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है। अगर मैं चोट से बच पाई, तो उम्मीद है कि सब ठीक हो जाएगा। '



फ्रेंच ओपन 2026

## 17 वर्षीय युवा 'मोइज कौमे' ने रचा इतिहास

### 1991 के बाद ग्रैंड स्लैम मैच जीतने वाला बना सबसे कम उम्र का खिलाड़ी

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रेंच ओपन 2026 में वाइल्डकार्ड से एंट्री पाने वाले 17 वर्षीय किशोर 'मोइज कौमे' ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया. इस युवा फ्रांसीसी स्टार ने मंगलवार को पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को सीधे सेटों में हराकर ग्रैंड स्लैम मंच पर शानदार आगाज किया और उम्र से जुड़ा एक दुर्लभ रिकॉर्ड भी बनाया।

कौमे ने अपना पहला मैच 7-6(4), 6-2, 6-1 से जीता. ??इसके साथ ही वह 1991 में दिनू पेसकारियू के बाद, रोलैंड गैरोस में मुख्य ड्रॉ का मैच जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए. यह भी उल्लेखनीय है कि ये मैच इस सदी के ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल मैचों में उम्र के लिहाज से दूसरा सबसे बड़ा अंतर वाला मैच था. क्योंकि कौमे की उम्र 17 साल है और सिलिच की उम्र 37 साल है. उम्र में सबसे ज्यादा अंतर वाला मैच 2019 में यूएस अपन में स्वजदा (16 वर्ष) बनाम लोरेंजी (37 वर्ष) के बीच हुआ था।

हैरत की बात ये है कि कौमे इस समय वर्ल्ड रैंकिंग में 318वीं रैंक पर हैं. इसके बावजूद उन्होंने अनुभवी क्रोएशियाई खिलाड़ी के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की. इस के साथ, कौमे 2008 या उसके बाद पैदा हुए पहले ऐसे पुरुष खिलाड़ी बन गए, जिन्होंने कोई ग्रैंड स्लैम मैच जीता है।

#### 'यह असाधारण है'

मैच के बाद कौमे ने कहा, 'यह आसान नहीं था. मैं हमेशा वर्तमान पल में रहने की कोशिश करता हूं और स्कोर के बारे में ज्यादा नहीं सोचता. आज मैं ऐसा करने में सच में बहुत सफल रहा.' उन्होंने आगे कहा, 'यह बहुत ही भावुक कर देने वाला पल है, यह असाधारण है. इस टूर्नामेंट में आने से पहले, मुझे सच में नहीं पता था कि क्या उम्मीद करनी चाहिए. मेरी टीम और मैंने, जितना हो सके, खुद को तैयार करने के लिए बहुत मेहनत की थी।'

#### 'मैंने इन कोर्ट्स पर काफी अभ्यास किया'

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौमे ने कहा, 'मुझे काफी अच्छा महसूस हुआ. मुझे लगा कि मेरी तैयारी पूरी है. मैं पूरी तरह तैयार था. मैंने और मेरी टीम ने रणनीति पर, और इस बात पर काफी काम किया था कि मैच को किस तरह से खेलना है. कल भी मैंने इन कोर्ट्स पर काफी अभ्यास किया था, और पिछले साल भी मैंने यहां अभ्यास किया था और खेला था. इसलिए मुझे यहां के माहौल और आज मौजूद दर्शकों के बारे में थोड़ी-बहुत जानकारी पहले से ही थी।

## अर्शदीप ने अपने इंस्टाग्राम से हटाए 200 से अधिक पोस्ट

### कोहली संग बनाई रील भी गायब

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अचानक अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'इंस्टाग्राम' पर 200 से अधिक पोस्ट और रील्स को हटा दिया है। इसके बाद उनकी प्रोफाइनल पर सिर्फ 44 पोस्ट ही रह गए हैं, जिनमें से ज्यादातर विज्ञापन और पेड पार्टनरशिप से जुड़े हुए हैं। अर्शदीप के इस कदम के बाद उनके इंस्टाग्राम से कई वायरल रील्स रातों-रात गायब हो गई हैं, जिसमें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 सेलिब्रेशन से विराट कोहली के साथ उनकी शेयर की गई रील भी शामिल है। ज्यादातर बचे हुए अपलोड परिवार, निजी उपलब्धि, विज्ञापन और कुछ चुने हुए सहयोगात्मक कंटेंट के बारे में हैं। अर्शदीप ने पंजाब किंग्स से जुड़े सभी पोस्ट को भी अपने इंस्टाग्राम से हटा दिया है। ऐसी अफवाहों ने भी जोर पकड़ा था कि पंजाब किंग्स और अर्शदीप के बीच में सबकुछ ठीक नहीं है। हालांकि, अर्शदीप ने जो ताजा पोस्ट शेयर किया है, वह पंजाब किंग्स टीम की एक फोटो ही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'सब्र, शुकर। पंजाब। ' इस ऑनलाइन गतिविधि से इस बात के कयास तेज हो गए हैं कि क्या 27 साल का यह खिलाड़ी खुद को रीब्रांड करने की कोशिश कर रहा है? क्या वह हाल के विवादों से खुद को दूर कर रहे हैं, या मैदान के अंदर और बाहर खराब सीजन के बाद बस शोर से दूर रहना चाहते हैं? अर्शदीप का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 संस्करण में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। 14 मुकाबलों में वह पंजाब किंग्स की तरफ से खेलते हुए सिर्फ 14 विकेट ही निकाल सके। अर्शदीप टूर्नामेंट के दौरान रनों पर लगाम लगाने में भी नाकाम रहे और खराब फॉर्म से जूझते नजर आए।



गुजरात टाइटंस को 92 रनों से हरा फाइनल में पहुंची आरसीबी

## पाटीदार बने हीरो

### कप्तान रजत ने 33 गेंद पर बनाए नाबाद 93 रन

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के पहले क्वालिफायर मुकाबले में मंगलवार (26 मई) को धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को 92 रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 254 रन बनाए।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए कप्तान रजत पाटीदार ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। वह शतक नहीं बना पाए, लेकिन अपनी टीम को प्लेऑफ में सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। 255 रनों के लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम ने पहले ही घुटने टेक दिए। भला हो राहुल तेवितया की अर्धशतकीय पारी की। गुजरात टाइटंस 100 रन के अंदर सिमटी दिख रही थी, लेकिन वह 19.3 ओवर में 162 रन पर आउट हुई। गुजरात टाइटंस एलिमिनेटर के विजेता से क्वालिफायर-2 में 29 मई को भिड़ेगी। एलिमिनेटर बुधवार (27 मई) को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए रजत पाटीदार ने 33 गेंद पर नाबाद 93 रन बनाए। क्रुणाल पंड्या और विराट कोहली ने 43-43 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल ने 30 और वेंकटेश अय्यर ने 19 रन बनाए। जितेश शर्मा 15 रन बनाकर नाबाद रहे। टिम डेविड 4 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात टाइटंस के लिए कगिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने 2-2 विकेट लिए।

प्रसिद्ध कृष्णा ने 1 विकेट लिए। गुजरात टाइटंस के लिए राहुल तेवतिया ने 43 गेंद पर 68, जोस बटलर ने 11 गेंद पर 29 और साई सुदर्शन ने 9 गेंद पर 14 रन बनाए। शुभमन गिल 2, निशांत सिंधु 5, वाशिंगटन सुंदर 8, जेसन होल्डर 0, राशिद खान 8, कगिसो रबाडा 9 और मोहम्मद सिराज 5 रन बनाकर आउट हुए। प्रसिद्ध कृष्णा 6 रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी के लिए जैकब डफी ने 3 विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार, रसिख सलाम डार और क्रुणाल पंड्या ने 2-2 विकेट लिए। जोश हेजलवुड ने 1 विकेट लिए।



## झारखंड की दूसरी अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी अंपायर बनी नीतू कुमारी महतो

### 18 एशिया कप में करेंगी अंपायरिंग

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड की बेटी नीतू कुमारी महतो ने हॉकी जगत में राज्य का नाम रोशन करते हुए एक नई उपलब्धि हासिल की है. रांची जिले के हरदाग की रहने वाली नीतू अंतर्राष्ट्रीय हॉकी अंपायर के रूप में क्वालीफाई कर झारखंड की दूसरी महिला अंतर्राष्ट्रीय अंपायर बन गई हैं. अब वह 29 मई से 6 जून तक जापान के काकामिगाहारा में आयोजित होने वाले 18 एशिया कप 2026 में अंपायरिंग करती नजर आएंगी. बुधवार को वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए जापान रवाना हो गईं।

नीतू का हॉकी से रिश्ता बचपन से ही रहा है. उन्होंने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व किया है. उनके परिवार में हॉकी सिर्फ खेल नहीं बल्कि एक विरासत की तरह है. उनकी मां दुलारी टोपनो खुद राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रह चुकी हैं और वर्तमान में हुलंडू में कोच के रूप में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रही हैं.



नीतू की पहली कोच भी उनकी मां ही थी. जिन्होंने बचपन से उन्हें हॉकी की बारीकियां सिखाई. दिलचस्प बात यह है कि दुलारी टोपनो की पूर्व शिष्या खिली कुमारी भी इसी 18 एशिया कप में भारतीय टीम की गोलकीपर के रूप में हिस्सा ले रही हैं. ऐसे में यह टूर्नामेंट झारखंड के लिए और भी खास बन गया है।

चार बहनों और एक भाई के परिवार में खेल का माहौल हमेशा बना रहा. नीतू समेत परिवार के चार सदस्य हॉकी से जुड़े हुए हैं. उनकी बहन कंचन कुमारी और रानी कुमारी भी हॉकी खिलाड़ी हैं. जबकि छोटे भाई विजय महतो वर्तमान में लखनऊ में हॉकी से जुड़े हुए हैं. पिता कमल महतो हरदाग में होटल चलाते हैं और बच्चों को खेल के लिए लगातार प्रोत्साहित करते रहे हैं।

**झारखंड हॉकी ने जताई खुशी** – हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों ने नीतू की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है. हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने कहा कि राज्य में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है. लेकिन सभी खिलाड़ियों को भारतीय टीम में जगह मिल पाना संभव नहीं होता. ऐसे में हॉकी झारखंड खिलाड़ियों को कोचिंग और ऑफिशिएटिंग की ओर भी प्रेरित कर रहा है ।

फ्रेंच ओपन-

## कार एक्सीडेंट के बावजूद जीतीं कोको गॉफ

### सबालेंका ने 16 महीने में रिकॉर्ड 30 मैच जीते; मेदवेदेव उलटफेर का शिकार



**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रेंच ओपन में खिताब बचाने उतरीं अमेरिकी टेनिस स्टार कोको गॉफ मंगलवार को एक छोटे कार हादसे का शिकार हो गईं। हालांकि, उन्हें चोट नहीं आई और वे मैच जीतकर दूसरे दौर में पहुंच गईं। 22 साल की गॉफ ने बताया कि रोलां गैरों पहुंचने के दौरान उनकी कार पोल से टकरा गई और क्षतिग्रस्त हो गई। उन्हें टैक्सी से स्टेडियम पहुंचना पड़ा। गाफ ने अपने ही देश की टेलर टाउनसेंड को 6-4, 6-0 से हराया। गॉफ के मुताबिक, दिन काफी घटनाओं से भरा रहा, जिससे उनका ध्यान मैच के दबाव से हट गया। कोको गॉफ पिछले साल फ्रेंच ओपन चैंपियन रही थीं। उन्होंने फाइनल में एरीना सबालेंका को हराकर खिताब जीता था।

## भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का निधन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का बुधवार (27 मई) का 79 साल की उम्र में निधन हो गया. कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद उन्होंने नई दिल्ली में अपने आवास पर अंतिम सांस ली। स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के कारण सिंह ने हाल में एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था. उन्हें 2024 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था. वे भारत के पहले एशियाई खेलों के शूटिंग स्वर्ण पदक विजेता और अनुभवी खेल प्रशासक थे, जिनकी विरासत पांच ओलंपिक खेलों तक फैली हुई थी. उनके परिवार में उनकी पत्नी विनीता और बेटियां महिमा, सुनैना और राजेश्वरी हैं।




- **रणधीर सिंह का प्रशासनिक करियर** – खेलों की तरह ही अपने सफल प्रशासनिक करियर में उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के महासचिव और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। सिंह ने 1987 से 2010 तक भारतीय ओलंपिक संघ के महासचिव के रूप में कार्य किया, और 2001 से 2014 के बीच अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दीं. वर्ष 2003 में, उन्होंने विश्व डोपिंग-रोधी एजेंसी में आईओसी का प्रतिनिधित्व भी किया, जिससे वैश्विक खेल प्रशासन के क्षेत्र में उनकी प्रतिष्ठा और भी मजबूत हुई।

### खेल करियर में पांच ओलंपिक

पटियाला के पूर्व शाही परिवार में जन्मे और पूर्व महाराजा भूपिंदर सिंह के वंशज, रणधीर सिंह ने शूटिंग में अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस से भारतीय खेल जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई. उनके शानदार खेल करियर में पांच ओलंपिक में भागीदारी और 1978 के बैंकॉक एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक शामिल था. इस उपलब्धि के लिए उन्हें 1979 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### रणधीर सिंह का ओलंपिक सफर

रणधीर सिंह का ओलंपिक सफर कई दशकों तक चला। टोक्यो 1964 में वे भारत के दल में एक रिजर्व शूटर के तौर पर शामिल थे, जिसके बाद उन्होंने मेक्सिको 1968, म्यूनिख 1972, मॉन्ट्रियल 1976, मॉस्को 1980 और लॉस एंजिल्स 1984 के ओलंपिक खेलों में हिस्सा लिया।

## न्यूज बाइट्स

### हत्या मामले आरोपी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रफीगंज पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुए हत्या मामले का 12 घंटे के भीतर खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को 26 मई 2026 को सूचना मिली थी कि न्यू एरिया (राजा बिगहा) में दो व्यक्तियों के बीच आपसी विवाद के दौरान चाकूबाजी की घटना हुई है, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल व्यक्ति को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मो. फैज, पिता मो. सादिक, निवासी अब्दुलपुर, थाना रफीगंज, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल औरंगाबाद में कराया गया।

### औरंगाबाद में बदला मौसम का मिजाज, बादलों की आवाजाही से गर्मी से राहत

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद में बुधवार सुबह से मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है। आसमान में कभी तेज धूप तो कभी बादलों की आवाजाही के कारण लोगों को भीषण गर्मी और हीट वेव से थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। जिले का अधिकतम तापमान फिलहाल 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले कई दिनों से जारी तेज गर्मी और उष्ण लहर के बीच मौसम में आए इस बदलाव से लोगों ने कुछ राहत महसूस की है।

### महिला से दुर्व्यवहार मामले में दोषी को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** पुलिस के सफल अनुसंधान और अभियोजन के परिणामस्वरूप महिला से दुर्व्यवहार के एक मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। मामले में माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को तीन वर्ष के सश्रम कारावास और आर्थिक दंड से दंडित किया है। यह मामला सिमरा पुलिस स्टेशनकांड संख्या-15/21, दिनांक 26 मई 2021 से जुड़ा है। पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर महिला के साथ दुर्व्यवहार के आरोप में नामजद अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

बकरीद को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित, डीएम ने कहा

# शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं बकरीद असामाजिक तत्वों पर रहेगी कड़ी नजर

- फेसबुक, व्हाट्सएप सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की विशेष निगरानी के निर्देश।
- पूर्व में साम्प्रदायिक तनाव वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद समाहरणालय स्थित योजना भवन सभाकक्ष में ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अमरीश राहुल ने की। बैठक में बकरीद पर्व के दौरान जिले में विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी तथा संभावित समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने जानकारी दी कि इस वर्ष बकरीद का पर्व 30 मई तक मनाया जाएगा। पर्व के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करने के बाद पारंपरिक रूप से कुर्बानी करते हैं तथा कुछ स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी जिले में बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर उनके खिलाफ सख्त निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कई बार अफवाह, सोशल मीडिया पोस्ट या छोटी घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने से साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति बन जाती है। ऐसे में फेसबुक, व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले फोटो, वीडियो या संदेश प्रसारित करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि पूर्व में जहां साम्प्रदायिक तनाव की घटनाएं हुई हैं, वहां अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। ऐसे लोगों की पहचान की जाए जिनका इतिहास शांति व्यवस्था भंग करने का रहा है। गुप्त सूचनाओं के आधार पर संभावित उपद्रवियों पर नजर रखने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में कुर्बानी स्थलों की साफ-सफाई को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारियों को कहा गया कि कुर्बानी स्थलों पर जेसीबी मशीन से पांच से छह फीट गहरे गड्ढे खुदवाए जाएं, ताकि अपशिष्ट का सुरक्षित निस्तारण किया जा सके। इसके अलावा जिले के सभी मस्जिदों, मंदिरों, इमामबाड़ों और अन्य संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर त्वरित और विवेकपूर्ण कार्रवाई की जाए तथा वरीय अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जाए।

बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और सुझावों को प्रशासन के समक्ष रखा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उप समाहर्ता बेबी प्रिया, सभी पुलिस उपाधीक्षक, सीओ, बीडीओ, थाना अध्यक्ष तथा शांति समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तकनीकी जांच में बटाने पुल असुरक्षित, भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल रोक : डीएम

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद में राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-139 (पुराना एनएच-98) पर स्थित बटाने पुल की तकनीकी जांच में गंभीर खामियां मिलने के बाद जिला प्रशासन ने पुल से भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। प्रशासन ने आमजन की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया है। कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद की ओर से जिलाधिकारी को दी गई रिपोर्ट में बताया गया कि किलोमीटर-141 पर स्थित 225 मीटर लंबे बटाने पुल की तकनीकी जांच और निरीक्षण के दौरान पुल के कई गर्डरों में गंभीर दरारें पाई गईं। इसके अलावा पुल की संरचना के आधार भाग के समीप भी क्षति के संकेत मिले हैं। अधिकारियों के अनुसार, ऐसी स्थिति में भारी वाहनों का आवागमन जारी रहना बेहद जोखिमपूर्ण हो सकता था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने पुल पर भारी वाहनों के प्रवेश पर तत्काल रोक लगा दी है। फिलहाल केवल हल्के वाहनों को पुल से गुजरने की अनुमति दी गई है।

भारी वाहनों के सुरक्षित संचालन के लिए प्रशासन द्वारा डायवर्सन निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। वैकल्पिक मार्ग तैयार होने तक अलग-अलग रूट निर्धारित किए गए हैं। रोहतास की ओर से हरिहरगंज जाने वाले भारी वाहन अब बारूण से तेतरिया मोड़ होते हुए जपला मार्ग का उपयोग करेंगे। वहीं गया और पटना से हरिहरगंज जाने वाले भारी वाहनों को भी बारूण-जपला मार्ग से होकर गुजरना होगा। हरिहरगंज से औरंगाबाद आने वाले 14, 16, 18 और 22 चक्का भारी वाहनों के औरंगाबाद जिला सीमा में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। ऐसे वाहनों को हरिहरगंज-छतरपुर-जपला मार्ग से बारूण राष्ट्रीय उच्च पथ-19 की ओर डायवर्ट किया जाएगा, जहां से वे रोहतास, गया और पटना की दिशा में जा सकेंगे। बड़ी यात्री बसों और 12 चक्का व्यवसायिक वाहनों के लिए भी अलग वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। हरिहरगंज से औरंगाबाद आने वाली बड़ी बसें और व्यवसायिक वाहन अम्बा चौक से नवीनगर-बारूण मार्ग का उपयोग करेंगे। इसी तरह रोहतास से हरिहरगंज जाने वाली बड़ी बसों को बारूण केशव मोड़ से तेतरिया-नवीनगर-अम्बा चौक मार्ग से होकर भेजा जाएगा। छोटे वाहनों के लिए भी अलग व्यवस्था की गई है। औरंगाबाद से नवीनगर जाने वाले छोटे वाहन, कार और पिकअप चतरा मोड़ से माली होते हुए नवीनगर की ओर संचालित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को सभी वैकल्पिक मार्गों पर संकेतक बोर्ड, दिशा सूचक चिह्न और सुरक्षा अवरोधक लगाने का निर्देश दिया है। पुल के बाईं ओर अस्थायी वैकल्पिक मार्ग निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू करने को कहा गया है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अनुमंडल प्रशासन, यातायात पुलिस और परिवहन विभाग को संयुक्त योजना लागू करने का निर्देश दिया गया है। कोईरीडीह, तेतरिया मोड़, अम्बा चौक, एरका, केशव मोड़, जसोईया मोड़, महेंद्र शो-रूम, चतरा मोड़ और सुंदरगंज बाजार सहित कई स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की जा रही है।

साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभाग औरंगाबाद को बारूण-नवीनगर और तेतरिया-कोयरीडीह मार्ग की मरम्मत, चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य तत्काल शुरू करने का निर्देश दिया गया है, ताकि वैकल्पिक मार्गों पर बढ़े यातायात दबाव को सुरक्षित तरीके से संभाला जा सके। जिला प्रशासन ने आम लोगों, वाहन चालकों और परिवहन संचालकों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी यातायात व्यवस्था और वैकल्पिक मार्गों का पालन करें तथा सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें।

# औरंगाबाद में छह पुलिस पदाधिकारियों का तबादला, कई थानों को मिले नए थानाध्यक्ष

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने छह पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। जारी आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। पुलिस महकमे में हुए इस प्रशासनिक फेरबदल को जिले की सुरक्षा व्यवस्था और थानों के संचालन को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जारी आदेश के मुताबिक पुलिस निरीक्षक भवेश कुमार मंडल, जो वर्तमान में पुलिस कार्यालय औरंगाबाद की लोक सूचना शाखा में प्रभारी के पद पर कार्यरत थे, उन्हें औरंगाबाद ट्रैफिक पुलिस स्टेशन का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। शहर में बढ़ते यातायात दबाव और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उनकी नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वहीं पुलिस अवर निरीक्षक राजीव कुमार, जो जिला आसूचना इकाई में प्रभारी के रूप में कार्यरत थे, उन्हें गोह पुलिस स्टेशन का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रफीगंज पुलिस स्टेशन में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक निरंजन सिंह को देवकुंड पुलिस स्टेशन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा नबीनगर पुलिस स्टेशन में कार्यरत पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार को पौथू पुलिस स्टेशनका नया थानाध्यक्ष बनाया गया है।

सिमरा पुलिस स्टेशन के थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार को अब ढिबरा टेलीफोन स्टेशन की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं रितेश कुमार उपाध्याय को पद से हटा दिया गया है। इसके साथ ही मुफस्सिल पुलिस स्टेशन में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार को सिमरा थाना का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से कहा गया है कि जिले में विधि-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने और प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से यह तबादला किया गया है। नए पदस्थापन के बाद सभी अधिकारी जल्द ही अपने-अपने थाना क्षेत्रों में कार्यभार संभालेंगे। ढिबरा, सिमरा, गोह, पौथु और ट्रैफिक थाना में नए थानाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद स्थानीय लोगों को कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग में सुधार की उम्मीद है।

**क्यों अहम है ये फेरबदल**

1. यातायात थाना : एनएच-139 पर बटाने पुल बंद होने और दाउदनगर में ट्रैफिक दबाव के बीच भवेश मंडल जैसे अनुभवी इंस्पेक्टर को ट्रैफिक की कमान दी गई है।
2. गोह थाना : नक्सल प्रभावित इलाका होने के कारण आसूचना इकाई से आए राजीव कुमार की पोस्टिंग अहम मानी जा रही है।
3. देवकुंड-पौथु : मुख्यमंत्री प्रगति पथ योजना में देव रिंग रोड और ग्रीनफील्ड पथ निर्माण के चलते दोनों थानों पर काम का दबाव बढ़ा है।
4. ढिबरा-सिमराः दोनों सीमावर्ती थाने हैं। प्रशांत कुमार को सिमरा से ढिबरा और अभिषेक कुमार को मुफ्फसिल से सिमरा भेजा गया है।

# देव के रानी तालाब में गंगा आरती का आयोजन गंगा दशहरा पर भक्तिमय हुआ माहौल

निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)



देव स्थित ऐतिहासिक रानी तालाब परिसर में गंगा दशहरा के अवसर पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान सूर्य नगरी देव पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा के माहौल में डूब गई। श्रद्धालुओं ने मां गंगा के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए दीपदान और आरती में भाग लिया। गंगा दशहरा के अवसर पर रानी तालाब और मंदिर परिसर को दीपों से सजाया गया। मंदिर में स्थापित भोलेनाथ, मां काली, भैरव बाबा, कार्तिकेय, मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की सामूहिक महाआरती भी की गई।

आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। काली स्थान शिवालय समिति के पुजारी पंडित दिनेश दुबे ने श्रद्धालुओं को गंगा दशहरा के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार राजा भागीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा इसी दिन पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं, ताकि उनके पूर्वजों को मोक्ष मिल सके। उन्होंने कहा कि इस दिन गंगा स्नान, दान, तर्पण और दीपदान का विशेष धार्मिक महत्व है। उन्होंने समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं से परिसर की स्वच्छता बनाए रखने तथा जल संरक्षण का संदेश भी दिया।

## साइबर थाना की कार्रवाई, फिशिंग फ्रॉड में गंवाए 1.01 लाख रुपये वापस

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। औरंगाबाद** साइबर थाना ने फिशिंग फ्रॉड के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित को उसके खाते से ठगी गई पूरी राशि वापस दिला दी। साइबर अपराधियों ने रंजीत कुमार सिंह को फर्जी लिंक भेजकर 1 लाख 1 हजार रुपये की ठगी कर ली थी, लेकिन पुलिस की सक्रियता से पूरी रकम वापस करा दी गई। जानकारी के अनुसार, रंजीत कुमार सिंह को एक अनजान नंबर से केवाईसी अपडेट करने के नाम पर मैसेज भेजा गया था। मैसेज में दिए गए लिंक पर क्लिक करते ही उनके मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप इंस्टॉल हो गया। इसके बाद साइबर ठगों ने ओटीपी हासिल कर उनके खाते से 1,01,000 रुपये निकाल लिए।

# एनएच-19 पर सड़क हादसा, ड्राइवर व खलासी घायल

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)



जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर बुधवार को सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश के चालक और सहचालक घायल हो गए। दुर्घटना मदनपुर बाजार के पास हुई, जहां आगे चल रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही गाड़ी अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। हादसे में घायल लोगों की पहचान उत्तर प्रदेश के इटावा निवासी 25 वर्षीय चालक अनु यादव और औरैया निवासी सहचालक सल्लू यादव के रूप में हुई है। दोनों एक वाहन से औरंगाबाद की ओर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि उनके आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। अचानक ब्रेक लगने के कारण पीछे चल रहे वाहन का चालक संतुलन नहीं बना सका और गाड़ी सीधे ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को वाहन से बाहर निकाला और इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में दोनों का इलाज किया गया, जहां सहचालक सल्लू यादव की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद मदनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क किनारे हटवाकर यातायात बहाल कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाना बताया जा रहा है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दुर्घटना के समय वाहन की रफ्तार कितनी थी और ट्रक चालक ने किन परिस्थितियों में अचानक ब्रेक लगाया। स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए प्रशासन से नियमित निगरानी और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना, ट्यूशन जा रहे दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल

**टंडवा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के मनोहरी गांव में बुधवार की शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बच्चे साइकिल से ट्यूशन पढ़ने जा रहे थे, तभी एक अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घायलों की पहचान मनोहरी गांव निवासी पिंटू मेहता के 13 वर्षीय पुत्र कृष्ण कन्हैया कुमार और 8 वर्षीय धीरज कुमार के रूप में हुई है। कृष्ण कन्हैया सातवीं कक्षा का छात्र है, जबकि उसका छोटा भाई धीरज दूसरी कक्षा में पढ़ाई करता है। दोनों रोज की तरह साइकिल से गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान में पढ़ने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बच्चे गांव के पास स्थित तीखा मोड़ के समीप पहुंचे ही थे कि उसी दौरान झारखंड के हरिहरगंज स्थित एक निजी विद्यालय की शिक्षिका को घर छोड़ने जा रही कार अनियंत्रित हो गई और सीधे बच्चों की साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बच्चे सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनकी साइकिल भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# पिता पर बेटे की पीट-पीटकर हत्या का आरोप, शव लेकर फरार

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)



जिले के गोह प्रखंड अंतर्गत उपहारा थाना क्षेत्र के उपहारा गांव में एक पिता पर अपने ही 13 वर्षीय बेटे की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगा है। घटना मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने अभी किशोर की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, क्योंकि शव बरामद नहीं हो सका है। ग्रामीणों के अनुसार उपहारा गांव निवासी राजेश चौधरी उर्फ मुंगड़ी चौधरी ने अपने बेटे खेसरिया की बेरहमी से पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर किशोर का अपनी सौतेली मां मंजू देवी से विवाद हुआ था। इसके बाद मंजू देवी ने घटना की जानकारी अपने पति राजेश चौधरी को दी। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर पिता ने बेटे की बुरी तरह पिटाई शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि मारपीट इतनी बेरहमी से की गई कि किशोर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी पिता कथित रूप से बेटे के शव को साइकिल पर लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने तुरंत उपहारा थाना पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। घटना के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। घटना के बाद आरोपी के घर पर सन्नाटा पसरा हुआ है।

उपहारा थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ में मारपीट की बात सामने आई है, लेकिन शव बरामद होने और पोस्टमार्टम होने तक मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की जा सकती। फिलहाल पुलिस मृतक की सौतेली मां मंजू देवी को पूछताछ के लिए थाना लाई है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार राजेश चौधरी की यह दूसरी शादी थी। उसकी पहली पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी। बाद में उसने अपनी पहली पत्नी की बहन मंजू देवी से विवाह कर लिया था। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक किशोर और उसकी सौतेली मां के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी और शव की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

